दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 164

ग्वालियर, गुरुवार, 03 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत, पीएम और गृहमंत्री भी मैदान में

भाजपा यूवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या तक वाराणसी में मौजूद प्रधानमंत्री ने भी 3 से 5 मार्च तक वाराणसी में रहने का फैसला किया है

वाराणसी। यूपी विधानसभा चुनाव में दो चरणों का मतदान बाकी है। खास बात है कि 7वें चरण के मतदान में वाराणसी यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी क्षेत्र में पिछली जीत दोहराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर भाजपा यूवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या तक वाराणसी में मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। पीएम ने 3 से 5 मार्च तक वाराणसी में रहने का फैसला किया है, तो वहीं शाह भी सोमवार और मंगलवार को क्षेत्र में रहे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री और पार्टी के यूपी ष्भारी धर्मेंद्र प्रधान एक सप्ताह से यहां हैं और 5 मार्च तक उनके रहने की संभावना है। इसके अलावा 6वें चरण का

प्रचार खत्म होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी वाराणसी का दौरा कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, जिले की 8 विधानसभा सीटों में से 6 पर दोबारा जीतने के संदेश के अलावा पार्टी तेज प्रचार से वाराणसी के दो मंत्रियों के खिलाफ जारी सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के लिए भी तैयारी कर रही है। खास बात है कि दोनों मंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कैबिनेट में भी शामिल हैं। 2017 चुनाव में भाजपा ने 6 और सहयोगियों ने 2 सीटें जीती थी। हालांकि, बड़े नामों के प्रचार में शामिल होने से पहले ही भाजपा ने अच्छी तैयारी कर ली थी। गुजरात भाजपा के महासचिव (संगठन) रत्नाकर यहां एक महीने से ज्यादा समय से हैं। एक भाजपा नेता ने कहा, 'एक साल पहले गुजरात में तैनाती और पदोन्नति से पहले रत्नाकरजी काशी और गोरखपुर क्षेत्रीय इकाइयों में संगठन सचिव थे। चूंकि संगठन स्तर पर उनका नेटवर्क है और वाराणसी क्षेत्र की जनसांख्यिकी की जानकारी है, तो वे हर रोज मंडल से लेकर क्षेत्रीय इकाइयों की बैठक कर रहे थे। वे प्रचार कार्यक्रमों की भी निगरानी कर रहे थे। उदारण के लिए बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक से पहले रत्नाकरजी ने व्यवस्थाओं का ध्यान रखा था।'

आर्यन खान के खिलाफ एनसीबी की एसआईटी को नहीं मिला सबूत

नई दिल्ली। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की वशिष जांच समीति (एसआईटी) की 4 महीनों की जांच में सामने आया है कि आर्यन खान का किसी भी इंटरनेशनल ड्रग ट्रैफिकगि सडिकेट से या ड्रग

से जुड़े कसी बड़े मामले से जुड़े होने के कोई सबूत नहीं है। साथ ही इस जांच में सामने आया है कि जसि क्रूज पार्टी से आर्यन खान को गरिफ्तार कयिा गया था, उस रेड के दौरान भी कई अनयिमतिताएं सामने आई हैं। एक अखबार ने अधिकारियों के हवाले से ये एक्सक्लूसवि खबर प्रकाशति की है। एसआईटी कमेटी की जांच में कई ऐसी बातें सामने आई हैं जो मुंबई एनसीबी के आरोपों से पूरी तरह उलट है। एसआईटी की जांच में सामने आया है कि आर्यन खान ड्रग्स खरीदने से कभी जुड़ा नहीं था, ऐसे में उसका फोन जब्त करने या उसकी चैट की जांच करने की कोई जरूरत नहीं थी। इन चैट्स में कहीं सामने नहीं आता कि आर्यन कसिी भी तरह से कसिी इंटरनेशनल गरिह का हस्सा है। वहीं इस जांच के बारे में इस रपिोर्ट में कहा गया है कि इस रेड को वीडियो में रकिॉर्ड नहीं किया गया था, जो एनसीबी की नयिमावली के अनुसार जरूरी है।

जिन लोगों ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, वे मंदिर में घंटी बजा रहेः नड्डा

महाराजगंज। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, आज वही

लोग बजरंगबली के मंदिर जाकर घंटी बजा रहे हैं, लेकिन आपको जितनी घंटी बजानी है बजाओ, अब 10 तारीख को आपकी घंटी बजेगी। कुशीनगर के रामकोला और महराजगंज के सिसवा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि सपा सरकार ने रामभक्तों पर गोली चलाई थी, लेकिन आजकल अखिलेश जी मंदिर जा रहे हैं, घंटी बजा रहे हैं। उन्होंने तंज किया कि अरे अखिलेश जी, अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत। आपको जितनी घंटी बजानी है बजाओ, अब 10 तारीख को आपकी घंटी बजेगी। भाजपा अध्यक्ष ने सपा को लक्ष्य कर कहा कि जिन लोगों ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, आज वही लोग बजरंगबली के मंदिर जाकर घंटी बजा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा ने तय किया है कि किसान को सिंचाई का बिजली का बिल नहीं देना पड़ेगा, उसकी सिंचाई मुफ्त में होगी।

चीन की खुली धमकी, अमेरिका ने ताइवान का समर्थन किया तो भारी कीमत चुकायेगा

यूक्रेन युद्ध के बीच चीन ने अमेरिका को आंखें दिखाई ताइवान पहुंचा अमेरिकी दल

बीजिंग। रूस ने यूक्रेन में युद्ध छेड़ा हुआ है, तो ताइवान पर चीन ने अमेरिका को आंखें दिखाई हैं। अमेरिकी अधिकारियों का दल ताइवान की राजधानी ताइपे पहुंचा है। अब चीन ने खुली धमकी दी है कि अगर अमेरिका ताइवान की आजादी का समर्थन करता है तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वेन वेनबिन ने कहा है कि ताइवान के लिए अपने तथाकथित समर्थन का प्रदर्शन करने के लिए किसी को भी भेजने के अमेरिकी कोशिश बेकार है। हम अमेरिका से एक-चीन के सिद्धांत का पालन करने के लिए कहते हैं। अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्ट ऑफ स्टाफ के पूर्व अध्यक्ष माइकल मुलेन समेत पांच सदस्यों का दल ताइपे पहुंचा है। इस दल का ताइवान के विदेश मंत्री

जोसेफ वू ने स्वागत किया है। ये दल दो दिन में राष्ट्रपति साई इंग वेन समेत दूसरे अधिकारियों से मुलाकात करेगा। अमेरिका ने ये दल ताइवान के साथ समर्थन जताने के लिए भेजा है। वहीं, अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो भी चीन पहुंच रहे हैं। चीन को ये बात चुभ रही है। चीन ने इसे लेकर अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। वेन वेनबिन ने कहा, अगर अमेरिका ताइवान की आजादी को बढ़ाने की कोशिश करता है तो हम उसे चेतावनी देना चाहेंगे कि इससे केवल ताइवानी की आजादी चाहने वालों का नुकसान होगा। अमेरिका को अपने जोखिम भरे कामों लिए भारी कीमत चुकानी होगी। दरअसल अमेरिका को ताइवान में यूक्रेन जैसे हमले की आशंका सता रही है। बीते कुछ महीनों में चीन ने अपनी सैन्य तैयारियां तेज की हैं। चीन बार-बार लड़ाकू जेट्स को ताइवान की सीमा पर भेजता है। कई बार चीनी युद्धपोत ताइवान की जलसीमा में भी दाखिल हो चुके हैं। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता रहा है।÷ अमेरिका ने एक वक्त में चीन की इसी नीति का समर्थन भी किया था, लेकिन बाद में बदल गया। साल 1972 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने चीन की यात्रा की थी। इस यात्रा के दौरान ही सात साल बाद चीन और अमेरिका के राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। इसके बाद अमेरिका ने ताइवान से संबंध खत्म कर लिए थे। अब भी अमेरिका के ताइवान से आधिकारिक रूप से संबंध नहीं हैं, लेकिन अमेरिका को ताइवान को रक्षा के

पुतिन की धमकी के बाद रूस ने शुरू किया परमाणु अभ्यास जमीन- हवा से गरजीं मिसाइलें, दुनियाभर में दहशत का माहौल

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के परमाणु मिसाइलों को अलर्ट किए जाने के बाद रूसी नौसेना ने सबमरीन और जमीन से दागे जाने वाली मिसाइलों के साथ परमाणु अभ्यास शुरू किया है। पुतिन के यूक्रेन पर हमले के बाद से ही रूसी सेना युद्ध के लिए तैयार स्थिति में है। रूस की नौसेना के उत्तरी फ्लीट ने बताया कि कई परमाणु सबमरीन को इस अभ्यास में शामिल किया गया है। इस दौरान तूफानी स्थिति में हमला करने का अभ्यास किया जा रहा है। रूसी नौसेना ने कहा कि कई जंगी जहाजों को देश के पश्चिमोत्तर इलाके में स्थित कोला प्रायद्वीप की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई है, वे भी इसमें शामिल हो रही हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है कि घातक अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल को गुप्त अभ्यास के दौरान साइबेरिया के इर्कुट्स्क इलाके से दागा गया है। हालांकि अभी रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि यह अभ्यास देश के सामान्य परमाणु प्रशिक्षण गतिविधियों में बदलाव को बताता है। इस पूरे इलाके में पूरे साल अब तक कई बार इस तरह के अभ्यास हो चुके हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल में लगेगी आग

नई दिल्ली। यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतें सात साल के उच्च स्तर पर हैं। इसका असर आने वाले हफ्ते में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर दिख सकता है। अगले सप्ताह राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी फिर से हो सकती है। बता दें क्रूड ऑयल के रेट बेहताशा भाग रहे हैं। ब्रेंट क्रूड बुधवार को 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। बुधवार दोपहर करीब 2.24 बजे, ब्रेंट क्रूड की कीमत 111.56 डॉलर प्रति बैरल थी, जो पिछले बंद से 6.59 प्रतिशत अधिक थी। ब्रेंट इस समय 2014 के बाद के उच्चतम स्तर पर है। आईईए ने कहा कि वैश्विक तेल बाजारों को एक एकीकृत और मजबूत संदेश भेजने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के परिणामस्वरूप आपूर्ति में कोई कमी नहीं होगी। ओमान, दुबई और ब्रेंट क्रूड सहित तेल की इंडियन बास्केट में भी 100 डॉलर प्रति बैरल के निशान को पार कर गई है। रिपोर्ट में कहा गया है,हम अगले सप्ताह से खुदरा डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद करते हैं। अगले सप्ताह राज्य के चुनाव होने के साथ हम उम्मीद करते हैं कि पेट्रोल और डीजल दोनों में दैनिक ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी फिर शुरु होगी। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नवंबर से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मोदी के गढ़ में गरजेंगी ममता बनर्जी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी एक बार फिर यूपी चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रही हैं। छठे चरण की वोटिंग के बीच गुरुवार को ममता बनर्जी पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ रैली करेंगी। काशी सहित 54 सीटों पर 7 मार्च को सातवें चरण में वोटिंग होगी। सपा के वाराणसी जिला प्रमुख संजय मिश्रा ने बताया, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री 2 मार्च (बुधवार) की शाम वाराणसी पहुंचेंगी। अगले दिन वह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव केस साथ एरही गांव में जनसभा को संबोधित करेंगी। मिश्रा ने बताया कि इस रैली में सपा गठबंधन के साथी राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओम प्रकाश राजभर और अपना दल की कृष्णा पटेल की भी मंच पर मौजूदगी होगी। इस चुनाव में ऐसा पहली बार होगा जब सपा गठबंधन के सभी साथी एक ही रैली में एकसाथ मंच पर मौजूद होंगे। माना जा रहा है कि इस चुनाव में यह विपक्ष की सबसे बड़ी रैली होगी और छठे चरण की वोटिंग के बीच शक्ति प्रदर्शन के रूप में पेश किया जाएगा। इससे पहले 8 फरवरी को ममता बनर्जी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। तब ममता बनर्जी ने बीजेपी को हराने और सपा गठबंधन को जितवाने की अपील की थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश चुनाव में ऐसे समय पर शिरकत की है जब टीएमसी का कांग्रेस के साथ तनाव बढ़ रहा है और 2024 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर वह भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटी हैं। सपा पदाधिकारियों ने बताया कि 3 मार्च को ममता बनर्जी एक रोड शो भी करेंगी। वाराणसी आने के बाद वह शाम को दशाश्वमेघ घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगी और फिर काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचेंगी।

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादत्य संधिया पहुंचे बुखारेस्ट

अफसरों से मिले, वतन वापसी का इंतजार कर रहे छात्रों से की बात

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादत्य संधिया रोमानिया पहुंच गए हैं। भारत सरकार द्वारा यूक्रेन से निकासी अभियान के कार्यान्वयन के लिए चार विशेष दूत नियुक्त किए गए हैं, जिसमें से एक ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। बुखारेस्ट पहुंचने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रोमानिया में यूक्रेन से भारतीय नागरिकों की निकासी प्रक्रिया पर हवाई अड्डे पर ही अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे एयरपोर्ट पर मौजूद भारतीय विद्यार्थियों से बात भी की। इस क्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रोमानिया व मालदोवा, कानून मंत्री किरण रिजिजू स्लोवाकिया,

हरदीप सिंह पुरी हंगरी और नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह पोलैंड पहुंच गए हैं। इनके वहां जाने से भारतीय छात्रों को स्वदेश लाने के काम में बेहतर सामंजस्य स्थापित होने की संभावना है। यूक्रेन से भारतीयों को इन पांच देशों के रास्ते ही बाहर निकाला जा रहा है। लेकिन यूक्रेन के दूरदराज इलाकों से पोलैंड, हंगरी और रोमानिया की सीमा तक छात्रों को पहुंचाना अभी भी सबसे बड़ी चुनौती है। विशेष विमान के जरिए यूक्रेन में फंसे 218 भारतीय नागरिकों को रोमानिया के रास्ते मंगलवार रात को वतन वापस लाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर इनके स्वागत के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने भारत वापस आए छात्रों से बात भी की। वैष्णव ने बताया, %प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन से छात्रों की वापसी के लिए चलाए गए आपरेशन गंगा के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने भी भारत सरकार के प्रयासों में भरोसा जताया। यूक्रेन में जारी रूसी हमलों के कारण वहां का एयरस्पेस बंद है और इसलिए वहां से देश वापस लौटने के लिए लोगों को सड़क मार्ग से पूर्वी यूरोपीय देश के पड़ोसी देशों जैसे रोमानिया, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया आना होता है।

सपा के शासन में अपराध और दंगों में अव्वल था उत्तर प्रदेश : शाह

योगी जी ने दूध, मटर में नंबर वन और चावल में नंबर 3 बनाया

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता अमित शाह ने जनसभा को संबोधित कर विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि उत्तरप्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव के पहले 5 चरणों के सपा-बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है और जनता ने भाजपा की सरकार बनाने का काम पूरा कर लिया है। अब छठे और सातवें चरण में 300 पार कराने के लिए

आपको वोट करना है। इस बीच शाह ने कहा कि अखिलेश के कार्यकाल में उत्तरप्रदेश अपराध और दंगों के अलावा किसी और चीज में अव्वल नहीं था। योगी सरकार ने दूध और मटर के उत्पादन और उत्पादन में नंबर एक और चावल उत्पादन में नंबर तीन पर बनाया। गृहमंत्री ने कहा कि 5 साल में योगी जी ने यूपी से माफियाओं को चुन चुन कर समाप्त कर दिया है। आज अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और आजम खान जेल में हैं। अगर आप चाहते हैं, कि वहां जेल में ही रहें, तब गलती से भी साइकिल या हाथी की सवारी मत करना। उन्होंने कहा कि अभी हमारा उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन, हरी मटर, आंवला, गन्ना, चीनी और अदरक के उत्पादन में नंबर 1 पर है। अखिलेश जी के समय किसी भी चीज में उत्तर प्रदेश नंबर एक था क्या? गृह मंत्री ने कहा कि अखिलेश के समय यूपी डकैती में, महिलाओं के साथ अत्याचार में, अपहरण-फिरौती में, हत्या के मामलों में नंबर एक पर था।

खास खबर

रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण कोई असर नहीं होगा, दोनों देशों के साथ मजबूत संबंध

नई दिल्ली। वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल संदीप सिंह ने कहा कि रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारतीय वायुसेना पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा और भारत के दोनों देशों के साथ मजबूत संबंध हैं। सिंह ने कहा, हम जानते हैं, कि (इस समय) भू-राजनीतिक स्थिति कठिन है... रूस के साथ हमारे संबंध बरकरार रहने वाले है। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ सैन्य हमला शुरू किया था। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने हमले के बाद रूस पर कड़े आर्थिक एवं अन्य प्रतिबंध लगाए गए हैं। भारतीय वायुसेना उप प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए तीन विमान रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा, हम भारतीयों को बाहर निकालने के लिए हर रोज चार उड़ान संचालित कर सकते हैं। वायु सेना उप प्रमुख ने कहा कि सभी भारतीयों को वापस लाए जाने तक निकासी अभियान दिन-रात जारी रहेगा।

यूक्रेन संकट दुखद, 20वीं सदी युद्ध व रक्तपात की सदी थी, 21वीं संवाद की सदी होनी चाहिए : दलाई लामा

धर्मशाला। तिब्बतियों के अध्यात्मिक नेता दलाई लामा यूक्रेन में चल रहे युद्ध में हो रहे जानमाल के नुकसान से बेहद परेशान हैं। दलाई लामा ने कहा कि उन्हें यूक्रेन में लड़ाई से गहरा दुख हुआ है। हमारी दुनिया एक-दूसरे पर इतनी ज्यादा निर्भर हो गई है कि दो देशों के बीच हिंसक संघर्ष अनिवार्य रूप से बाकी दुनिया को प्रभावित करते हैं। कोई निरपेक्ष नहीं बना रह सकता। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने एक बयान में कहा युद्ध पुराने हो गए है। अहिंसा ही एकमात्र रास्ता है। हमें अन्य लोगों को भाई-बहन मानकर मानवता की एकता की भावना विकसित करने की जरूरत है। इस तरह हम ज्यादा शांतिपूर्ण दुनिया का निर्माण करेंगे। उनका मानना है कि बातचीत के माध्यम से समस्याओं और असहमति का सबसे अच्छा समाधान किया जाता है। वास्तविक शांति आपसी समझ और एक-दूसरे की भलाई के लिए सम्मान के जरिए आती है। लिहाजा दोनों देशों को इस ओर आगे बढना होगा। ताकि शांति स्थापित हो सके। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। 20वीं सदी युद्ध और रक्तपात की सदी थी। 21वीं सदी संवाद की सदी होनी चाहिए। उन्होंने प्रार्थना की है कि यूक्रेन में जल्दी शांति बहाल हो।

यूपी में सातवें चरण के लिए पूर्वांचल में सभी दलों ने झोंकी ताकत

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव आखिरी दौर में पहुंच चुका है। छठे चरण की विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार थमने के बाद भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बसपा ने सातवें चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में अपनी ताकत झोंक दी है। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर कब्जा करने के लिए सभी दल आखिरी चुनावी रण में कूद गए हैं। इसी क्रम में भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, सीएम योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सातवें चरण के मतदान वाले क्षेत्रों को मथेंगे। प्रियंका गांधी और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल भी सातवें चरण के चुनाव प्रचार को धार देंगे। इसी चरण में पीएम नरेन?द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी मतदान होगा। पिछली बार सभी 8 सीटों पर बीजेपी और उसके सहयोगी दलों ने जीत दर्ज की थी। इस बार विपक्ष की घेराबंदी के बीच सफलता को दोहराना एक बड़ी चुनौती है।

बाइडेन का ऐलान, अमेरिकी आरक्षित भंडार से करोड़ों बैरल तेल देगा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने घोषणा की,कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों को स्थिर रखने के लिए उनके प्रशासन ने 30 अन्य देशों के साथ मिल अमेरिकी रणनीतिक आरक्षित भंडार (रिजर्व) से करोड़ों बैरल तेल देने का फैसला किया है। बाइडन ने कहा कि उनका प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए मजबूत कदम उठा रहा है, कि रूसी अर्थव्यवस्था को लक्षित कर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का व्यापाक असर हो। उन्होंने संकल्प लिया कि उनका प्रशासन अमेरिकी कारोबार और उपभोक्ताओं की रक्षा के लिए लगातार कदम उठाएगा। बाइडन ने कहा, मैं सभी अमेरिकियों के प्रति ईमानदार रहूंगा जैसा कि मैंने हमेशा वादा किया है। रूसी तानाशाह ने दूसरे देश पर हमला किया है, जिसका भार पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, आज रात, मैं घोषणा कर सकता हूं कि अमेरिका ने 30 अन्य देशों के साथ दुनिया भर के तेल रिजर्व (आरक्षित भंडार) से छह करोड़ बैरल तेल देने के लिए काम किया है। अमेरिका इस पहल का नेतृत्व करेगा। और हम अपने रणनीतिक पेट्रोलियम आरक्षित भंडार से तीन करोड़ बैरल तेल जारी कर रहे हैं।

न्यूज़ ट्रैक....

जडेजा की पत्नी और सास को समन

मुम्बई । टीम इंडिया के क्रिकेटर रविंद्र जडेजा के परिवार की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। एक पुराने मामले में जामनगर के कोर्ट ने जडेजा की पत्नी रिवा और उनकी सास को समन भेजा है। गौरतलब है कि साल 2018 में जडेजा की पत्नी रिवा ने आरोप लगाया था कि उनके साथ पुलिस कॉन्स्टेबल ने मारपीट की थी। यह मामला कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने पहले भी रिवाबा और उनकी मां को हाजिर होने के लिए कहा था। पर दोनों में से कोई भी कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। अब प्राप्त जानकारी के अनुसार कोर्ट ने अब दोनों को आखिरी समन भेजा और कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। यह मामला साल 2018 का है जब जडेजा की पत्नी रिवा की कार एक पुलिसकर्मी की मोटरसाईकिल से टकरा गई थी। पहले तो दोनों में इस मामले को लेकर काफी बहस हुई। इसके बाद जडेजा की पत्नी ने आरोप लगाया कि पुलिस वाले ने उन्हें थप्पड़ मारा है। इस मामले को लेकर रिवा पुलिस हेडक्वार्टर भी गई थी और अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी।

आईपीएल में रहेंगे 25 फीसदी दर्शक

मुंबई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में 25 फीसदी दर्शकों को स्टेडिम में प्रवेश मिलेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) और महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमएचसीए) को आईपीएल 2022 के लिए स्टेडियम्स में 25 फीसदी दर्शकों के प्रवेश की अनुमति दे दी है। इससे पहले महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे ने एमसीए के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान आईपीएल के लिए हर संभव सहायता का वादा किया था। इस दौरान वह आईपीएल मैचों के लिए स्टेडियम्स में 25 फीसदी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति देने पर सहमत हुए हुए थे। उल्लेखनीय है कि एमसीए और एमएचसीए आईपीएल के 15वें संस्करण की मेजबानी- मुंबई और पुणे में करेंगे। मुंबई में जहां 55, वहीं पुणे में 15 मैच खेले जाएंगे।

26 मार्च से होगा आईपीएल का 15 वां सत्र

मुम्बई (। इस माह 26 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 15 वां सत्र खेला जाएगा। आईपीएल के इस सत्र में आठ की जगह दस टीमें खेलेंगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार यह टी20 लीग 26 मार्च से शुरु होकर 29 मई के बीच खेली जाएगी। इस लीग में भारत सहित दुनियाभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके अलावा इसी माह आईपीएल शुरु होने से पहले दो चरणों में रणजी ट्रॉफी मैच भी खेले जाएंगे। एक चरण आईपीएल से पहले और दूसरा आईपीएल के बाद होगा। रणजी में जहां दिल्ली की टीम छत्तीसगढ़ से तो वहीं बिहार और अरुणाचल प्रदेश टीम के मुकाबले होंगे। इसके अलावा मुंबई और ओडिशा, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश, बंगाल और चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच भी मुकाबला खेला जाएगा। वहीं अन्य क्रिकेट मुकाबलों की बात करें तो इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच विजडन ट्रॉफी टेस्ट सीरीज 8 मार्च से शुरू होगी , जबकि ऑस्ट्रेलिया में मार्श कप का फाइनल मैच 11 मार्च 2022 को मेलबर्न में होगा। इसके अलावा 18 मार्च से दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेली जाएगी। वहीं, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकदिवसीय सीरीज रावलपिंडी में होगी।

मोहाली में भारतीय टीम जीती तो बनेगा नया विश्व रिकार्ड

मुम्बई । भारत ओर श्रीलंका के खिलाफ यहां मोहली में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इस मैच में कई रिकार्ड बन सकते हैं। मोहाली में भारतीय टीम श्रीलंका को हराकर उसके खिलाफ 21वीं जीत दर्ज करना चाहेगी। इस प्रकार भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 21 टेस्ट जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच 1982 को खेला गया था। श्रीलंका ने भारत के अपने इस दौरे में एकमात्र टेस्ट मैच की सीरीज खेली थी जो ड्रा रही थी।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस मैच में उतरने के साथ ही अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। वहीं टेस्ट कप्तान बनाये जाने के बाद रोहित शर्मा की यह पहली टेस्ट सीरीज रहेगी। ऐसे में वह भी जीत से शुरुआत करना चाहेंगे। मेहमान टीम श्रीलंका इस मैच को जीतकर भारत में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज करना चाहेगी। दोनों ही टीमों के बीच भारत में अब तब 20 टेस्ट मैच खेले गए हैं जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है जबकि 9 टेस्ट मैच ड्रा रहे हैं। गौरतलब है कि टेस्ट क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच कुल 44 मैच खेले गए हैं जिसमें 20 में भारत को और 7 में श्रीलंका को जीत मिली है जबकि 17 टेस्ट मैच ड्रा रहे हैं।

दोनो ही टीमों के बीच अब तक कई अहम रिकार्ड बने हैं। साल 1997 में श्रीलंका ने भारत के खिलाफ टेस्ट मैच की एक पारी में 952/6 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जो सबसे बड़ा स्कोर है। साल 1990 में भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 82 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जो दोनों देशों के बीच खेले गए टेस्ट मैच में टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर है। सचिन तेंदुलकर भारत-श्रीलंका टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। सचिन ने 1995 रन श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बनाए हैं , सचिन तेंदुलकर भारत-श्रीलंका टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। सचिन ने 9 शतक लगाये थे। वहीं 340 रन सनथ जयसूर्या ने बनाए थे जो एक पारी में बनाया गया बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च स्कोर है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो मुरलीधरन भारत-श्रीलंका टेस्ट में सबसे ज्यादा 105 विकेट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए बर्नेले व लीशेस्टर लीग के खिलाड़ी।

जून में आयरलैंड दौरे पर एक टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम इसी साल जून में आयरलैंड दौरे पर जाएगी जहां वह मेजबान टीम के साथ दो मैचों की एक टी20 सीरीज खेलेगी। आयरलैंड टीम के क्रिकेट सत्र की शुरुआत भी 26 जून को भारतीय टीम से मुकाबले के साथ शुरु होगी। भारत के बाद आयरलैंड टीम न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ 15 मैच खेलेगी। आयरलैंड क्रिकेट ने इसका कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आयरलैंड की टीम मलाहाइड में 26 जून को भारत के खिलाफ पहला टी20 मुकाबला खेलेगी। इसके बाद 28 जून को दूसरा और सीरीज का अंतिम मुकाबला खेला जाएगा।

भारत के बाद आयरलैंड की टीम अपनी मेजबानी में न्यूजीलैंड से 3 एकदिवसीय और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। न्यूजीलैंड की टीम 10 जुलाई को आयरलैंड न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।. इसके बाद 12 और 15 जुलाई को दूसरा और तीसरा एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। एकदिवसीय सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच 18 जुलाई से 22 जुलाई के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। 13 मैच आयरलैंड में खेले जाएंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्रिस्टल में सीरीज खेली जाएगी। आयरलैंड और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज आईसीसी विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा होगी। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज का कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है।

आईपीएल में गुजरात टाइटंस से खेल सकते हैं रैना

नई दिल्ली । अनुभवी बल्लेबाज सुरेश रैना को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा है पर अब ऐसे संकेत मिले हैं कि रैना नई टीम गुजरात टाइटंस से खेल सकते हैं। इसका कारण रैना का सोशल मीडिया पर आ रहा एक विडियो है। इसमें रैना टाइटंस की ड्रेस में नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें तेज हो गयी हैं कि रैना को गुजरात टाइटंस टीम में जगह मिल सकती है। इसका एक कारण इंग्लैंड के बल?लेबाज जेसन रॉय का आईपीएल से हटना भी है। जेसन को गुजरात टीम ने खरीदा था। अब उनके हटने से टीम को एक बल्लेबाज की जरुरत है। रैना के प्रशंसक उनकी टाइटंस की जर्सी वाली तस्वीर साझा कर रहे हैं।

रॉय ने बायो बबल में लंबे समय तक रहने से होने वाली थकावट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। रॉय के हटने से रैना के नाम पर ही इसलिए चर्चा हो रही है क्योंकि वह गुजरात टीम की कप्तानी कर चुके हैं। गौरतलब है कि स्पॉट फिक्सिंग के कारण जब राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स पर दो साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया था। उस समय 2 साल के लिए गुजरात लायंस टीम को आईपीएल में जगह मिली थी। तब रैना लायंस के कप्तान रहे थे। इसी कारण से जेसन के नाम वापस लेने के बाद रैना को टीम में जगह मिलने की अटकलें लगीं।

एफआईएच महिला विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला इंग्लैंड से

भुवनेश्वर । अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसमें भारतीय टीम को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम इसमें अपना पहला मैच तीन जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी। वहीं भारतीय टीम पांच जुलाई को चीन से और सात जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारत एक से 17 जुलाई तक होने वाली इस प्रतियोगिता में पूल चरण के अपने मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगा। वहीं भारतीय महिला टीम की हॉफबैक सुशीला चानू ने कहा कि उनकी टीम किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि किस टीम से हमें खेलना है क्योंकि हमारी सोच और मानसिकता प्रत्येक मैच को अगले मैच की तरह लेने की है। हम प्रत्येक मैच को जीतने की कोशिश करेंगे। चानू ने कहा कि हमने हाल में ओमान के मस्कट में एशिया कप और फिर एफआईएच प्रो लीग में चीन का मुकाबला किया था। इससे हमें फायदा मिलेगा। हम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ हॉकी प्रो लीग के मैच खेलेंगे। हम न्यूजीलैंड से आखिरी बार 2020 में खेले थे, इसलिए हम इन टीम को अच्छी तरह से जानते हैं। हमें पता है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिये किस तरह से तैयारी करनी है। भारतीय फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा कि टीम ने पिछले दो वर्षों में काफी आत्मविश्वास हासिल किया है ।

व्यापारन्यूज

सोने की कीमत में तेजी, चांदी में गिरावट

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में बुधवार को एक ओर जहां कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया, तो वहीं कीमती पीली धातु सोने का दाम भी बढ़ गया। एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.12 फीसदी की तेजी के साथ 51,876 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। हालांकि चांदी की कीमत 0.42 फीसदी कम होकर 67,890 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। रुस-यूक्रेन युद्ध का बुधवार को सातवां दिन है और यूक्रेन के हालात बदतर हो चुके हैं। इस बीच कच्चे तेल से लेकर कीमती पीली धातु तक में महंगाई का असर दिख रहा है। बुधवार को एमसीएक्स पर सोने का भाव फिर बढ़ गया, हालांकि चांदी के दाम कम हो गए। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

डॉलर के मुकाबले रुपया 49 पैसे टूटा

मुंबई । रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 49 पैसे टूटकर 75.82 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 75.78 पर खुला। फिर यह और गिरकर 75.82 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 49 पैसे की गिरावट को दर्शाता है। रुपया सोमवार को पिछले सत्र में 75.33 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत बढ़कर 97.41 पर था।

श्रीराम ऑटोमॉल ने एक दिन में 7,900 पुराने वाहन बेचे

मुंबई । श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (सामिल) ने कहा कि उसने अपने सालाना नीलामी आयोजन में एक दिन में ही 7,900 पुराने वाहनों एवं अन्य संपत्तियों की नीलामी कर 215 करोड़ रुपए के लेनदेन किए। कंपनी ने कहा कि 26 फरवरी को अपने सालाना ऑनलाइन नीलामी कार्यक्रम के दौरान उसने एक ही दिन में 7,900 पुराने वाहनों की नीलामी की। इस नीलामी से 215 करोड़ रुपए मूल्य के लेनदेन किए गए। कंपनी के मुताबिक उसके पास 14,500 पुराने वाहन एवं वाहन उपकरण नीलामी के लिए पंजीकृत थे। इनमें कारें, ट्रक, निर्माण एवं खेती उपकरण, दोपहिया एवं तिपहिया वाहन भी शामिल थे।

गिरावट के साथ खुले बाजार

सेंसेक्स 900 अंक टूटा, निफ्टी 16,650 पर

मुंबई । रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में भारी बिकवाली का रुख रहा और बुधवार के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स900 अंक से अधिक टूट गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी पूंजी की सतत निकासी का असर निवेशकों की धारणा पर पड़ा। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 613.55 अंक की गिरावट के साथ 55,326 पर था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 175.30 अंक की गिरावट के साथ 16,618.60 पर आ गया। सेंसेक्स में सर्वाधिक 3.46 फीसदी की गिरावट आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में हुई। इसके अलावा एशियन पेंट्स, मारुति, एचडीएफसी, कोटक बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में थे। वहीं दूसरी ओर, टाटा स्टील, एमएंडएम, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पॉवर ग्रिड, एनटीपीसी और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे। पिछले सत्र में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 388.76 अंक की बढ़त के साथ 56,247.28 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज

का निफ्टी 135.50 अंक की बढ़त के साथ 16,793.90 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,948.47 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

नेस्ले और सनफार्मा भी नीचे

डॉ. रेड्डी, नेस्ले, सनफार्मा, टाइटन में मामूली गिरावट है। बढ़ने वाले स्टॉक में टाटा स्टील सबसे ज्यादा 3त्र ऊपर है। जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, विप्रो और लार्सन एंड टुब्रो भी मामूली तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।

निफ्टी में भी गिरावट

उधर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 234 अंक नीचे 16,559 पर कारोबार कर रहा है। यह 16,593 पर खुला था और 16,547 का निचला तथा 16,671 का ऊपरी स्तर बनाया था। इसका नेक्स्ट 50 इंडेक्स बढ़त में जबकि मिडकैप, फाइनेंशियल और बैंकिंग गिरावट में हैं। निफ्टी के 50 में से 20 स्टॉक तेजी में और 30 नीचे हैं। बढ़ने वालों में प्रमुख रूप से कोल इंडिया, हिंडालको, टाटा स्टील, PL और ONGC हैं। गिरने वालों में बजाज ऑटो, ICICI बैंक, एशियन पेंट्स, ॥छ्रष्ट बैंक और मारुति हैं। इससे पहले सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 388 पॉइंट्स बढ़कर 56,247 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 135 अंक तेजी के साथ 16,793 पर बंद हुआ।

कैलिफोर्निया में 10 लाख से ज्यादा है इलेक्ट्रिक कारें

नई दिल्ली । क्या आपको पता है कि अमेरिकी शहर कैलिफोर्निया में 10 लाख से ज्यादा सिर्फ इलेक्ट्रिक कारें हैं। जी हां, अपने देश में बमुश्किल एक लाख इलेक्ट्रिक कारें होंगी, लेकिन अमेरिका के पॉपुलर शहर कैलिफोर्निया में ही 10 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें हैं और यह अन्य अमेरिकी शहरों से काफी ज्यादा है। इसका सीधा मतलब है कि ऑटोमोबाइल कंपनियां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तरह काफी तेजी से बढ़ रही हैं। लोग भी अब फ्यूल पावर्ड कारों की बजाय इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर जोर दे रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में अमेरिका समेत दुनिया के अन्य देशों में जैसे ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर जोर पड़ने लगा, वैसे ही खासकर कैलिफोर्निया जैसे राज्यों में लोग धड़ल्ले से इलेक्ट्रिक कार खरीदने लगे और आज स्थिति यह है कि यह दुनिया का पहला ऐसा राज्य है, जहां 10 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें हैं। साल 2021 की चौथी तिमाही में कैलिफोर्निया ने यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि, इस आंकड़े में कुछ हाइड्रोजन फ्यूल सेल कारें भी हैं। बता दें कि अमेरिका में कुल 24 लाख इलेक्ट्रिक कारें हैं, ऐसे में

कैलिफोर्निया राज्य में ही 40 फीसदी से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें हैं। बता दें कि कैलिफोर्निया अमेरिका के सबसे अमीर राज्यों में से एक है और आजकल अमीरियत की एक और निशानी यह भी हो गई है कि लोग अब इलेक्ट्रिक कारों पर जोर देने लगे हैं। इस शहर में 70 हजार से ज्यादा लेवल 2 ईवी चार्जिंग स्टेशन और 7 हजार से ज्यादा डीसी फास्ट चार्जर इंस्टॉल हैं। कैलिफोर्निया में करीब 60 इलेक्ट्रिक कार मॉडल हैं। कैलिफोर्निया में जितनी भी कारें बिकती हैं, उनका 12 पर्सेंट से ज्यादा शेयर इलेक्ट्रिक वीइकल्स का है।

रॉयल एनफील्ड की घरेलू बिक्री में 20 फीसदी की गिरावट

मुंबई । रॉयल एनफील्ड की फरवरी 2022 में कंपनी की घरेलू बिक्री में 20 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, वहीं निर्यात में 55 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पहले फरवरी 2021 में कंपनी ने घरेलू बाजार में 65,114 और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 4,545 की बिक्री की थी। कंपनी ने पिछले महीने घरेलू बाजार में अपनी रिकवरी जारी रखी और जनवरी 2022 में सुधार दर्ज किया है। कंपनी का चेन्नई में प्रोडक्शन यूनिट है। कंपनी ने कहा कि सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी बनी हुई है और कंपनी के लिए टाइमली डिलीवरी करना अभी भी एक बड़ी समस्या है। बीते महीने के दौरान सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी के कारण सप्लाई चेन की समस्याएं बरकरार हैं। रॉयल एनफील्ड आखिरकार मार्च के पहले सप्ताह में भारत में अपनी आगामी रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 411 मोटरसाइकिल लांच करने के लिए तैयार है। नए मॉडल की लांच डेट की आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है। जानकारी के अनुसार यह बाइक 7 मार्च लांच होगी। रायल एनफील्ड को इस अपकमिंग मोटरसाइकिल से काफी उम्मीदें हैं।

25 रुपए तक महंगे हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से कच्चा तेल भड़क उठा है। ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल (ब्रेंट क्रूड) के भाव बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए हैं। इस बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने दुनिया में एनर्जी संकट बढ़ने की चेतावनी दी है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस से कच्चे तेल की सप्लाई पर असर पड़ा। जिससे क्रूड के भाव 2014 के बाद सबसे ऊंचाई पर पहुंच गए। इससे आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम 25 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ सकते हैं। ग्लोबल एग्रीमेंट के अनुसार कच्चे तेल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जापान, अमेरिका सहित IEA के सदस्यों ने अपने रिजर्व में से 6 करोड़ बैरल तेल जारी करने की तैयारी की है, लेकिन यह एक दिन के तेल खपत से भी कम है। ऐसे में आने वाले दिनों में कच्चे तेल की कीमत और बढ़ सकती है। IEA ने कहा है कि अमेरिका ने अपने ऑइल रिजर्व में से 3 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी किया है। हालांकि, जिस तरह दुनियाभर में तेल की खतप बढ़ रही, रिजर्व में रखे तेल इसके लिए काफी नहीं होंगे। कोरोना से पहले दुनियाभर में रोजाना 10 करोड़ बैरल तेल की खपत हो रही थी।

150 डॉलर तक जा सकता है कच्चा तेल

ग्लोबल फर्म गोल्डमैन सैश, मॉर्गन स्टैनली और JPमॉर्गन ने कच्चे की कीमतों पर भविष्यवाणी की है। इन एजेंसियों के अनुसार कच्चे तेल के दाम जल्द ही 150 डॉलर प्रति बैरल को भी पार कर सकते हैं। हालांकि, रूस ने अपने क्रूड के दाम रिकॉर्ड स्तर तक घटा दिए हैं, लेकिन अमेरिका और यूरोप की ओर से लगे प्रतिबंधों की वजह से कोई भी उसे खरीद नहीं रहा।

119 दिनों से स्थिर हैं दाम

रुझान बताते हैं कि पिछले 119 दिनों से देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। जबकि इसी दौरान कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से बढ़त हुई है और यह दो महीने के उच्चतम लेवल पर पहुंच गया है।

रश्मिका मंदाना के हाथ लगी एक और बॉलीवुड फिल्म

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अदाकारा और कर्नाटक क्रश कही जाने वाली रश्मिका मंदाना आने वाले दिनों में कई साउथ और बॉलीवुड की फिल्मों में नजर आने वाली है। रश्मिका मंदाना फिल्म मिशन मजनू के साथ बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने जा रही है। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही रश्मिका मंदाना ने बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शुरू की थी। जिसमे रश्मिका मंदाना और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आएंगे। अब इस वक्त की आ रही ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि रश्मिका मंदाना मिशन मजनू के बाद जल्द ही वो बॉलीवुड की अगली फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। खबरों के अनुसार रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म मिशन मजनू की शूटिंग नवाबों के शहर लखनऊ में कर रही थी। कुछ समय पहले ही फिल्म की टीम ने लखनऊ में शेड्यूल को पूर किया है। अब अभिनेत्री रश्मिका चेन्नई में अगली फिल्म सुल्थान की शूटिंग कर रही है। इस फिल्म को पूरा करने के बाद रश्मिका मंदाना अपनी अगली फिल्म के लिए मुंबई में वापस चली जाएंगी। हालांकि रश्मिका मंदाना का बॉलीवुड का अगला प्रोजेक्ट क्या है इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। जैसे ही कोई जानकारी सामने आती है हम आप तक जरूर शेयर करेंगे। इसके अलावा खबरों में कहा जा रहा है कि रश्मिका मंदाना एक पैन इंडिया की फिल्म में भी नजर आने वाली है। जिसमे वो साउथ स्टार जूनियर एनटीआर के साथ नजर आ सकती है।

शाहरुख खान-जॉन अब्राहम का जबरदस्त एक्शन देखकर उड़ेंगे फैंस के होश

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बेसब्री की दो वजह हैं. एक यह कि इस फिल्म में सलमान खान कैमियो कर रहे हैं. दूसरा यह



कि पहली बार दर्शक शाहरुख खान और जॉन अब्राहम को एक साथ बड़े पर्दे पर जबरदस्त फाइट करते हुए देखेंगे. जॉन इस फिल्म में विलेन की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे. हालांकि, जॉन ने कभी भी इस फिल्म से जुड़े होने की किसी भी खबर पर अपना कोई रिएक्शन नहीं दिया है. इस बीच यह खबर सामने आई है कि शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के बीच इस फिल्म के लिए 2 अप्रैल से शूटिंग सीक्वेंस शूट किए जाएंगे. रिपोर्ट के अनुसार यह कंफर्म है कि 'पठान' में जॉन अब्राहम विलेन की भूमिका निभाएंगे. वह पिछले दिनों अपनी अन्य फिल्मों में व्यस्त थे और अब वह 'पठान' की तैयारी कर रहे हैं. जॉन 2 अप्रैल से वाईआरएफ स्टूडियो में शूटिंग शुरू करेंगे. शाहरुख खान और जॉन अब्राहम कई एक्शन सीन के लिए शूटिंग करेंगे. इतना ही नहीं, दीपिका पादुकोण भी इस महीने के आखिर में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी करेंगी. यह संभावना है कि मुंबई में अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम विदेश में फिल्म के अन्य भाग की शूटिंग करेंगे. वाईआरएफ स्टूडियो को आशा है कि पठान को 2022 के शुरुआत में ही रिलीज कर दिया जाएगा. शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के एक्शन सीन्स को देखने के लिए दर्शक बेताब हैं. दोनों पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर कर रहे हैं. इसके अलावा जॉन अब्राहम को उनके फैंस पहली बार विलेन की भूमिका में भी देखने वाले हैं. इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट दर्शकों के बीच देखी जा सकती है।

दिव्यांका त्रिपाठी ने पूरी की क्राइम पेट्रोल की शूटिंग

सीरियल 'ये है मोहोबतें 'की इशिता यानी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी दहिया , क्राइम पेट्रोल की होस्ट बनने को लेकर काफी सुर्खियों में थीं और अब हाल ही में उन्होंने शो के रैप अप की अनाउंसमेंट की है. उन्होंने बताया कि यह काफी लंबी शूटिंग थी जो अब खत्म हो चुकी है. महिलाओं पर होने वाले गुनाह के ऊपर बनाई गई क्राइम पेट्रोल की खास सीरीज में दिव्यांका त्रिपाठी को बतौर होस्ट काफी पसंद किया जा रहा था. क्राइम पेट्रोल

की पूरी टीम के साथ की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दिव्यांका ने भावुक होते हुए कहा है, 'क्राइम पेट्रोल की यह टीम बहुत प्यारी और मेरे दिल के बेहद करीब है. उम्मीद है, जल्द ही आप सभी लोगों से मुलाकात होगी. आप सभी को मैं काफी ज्यादा मिस करूंगी. क्राइम पेट्रोल के मेरे कुछ एपिसोड टेलीकास्ट होना अभी भी बाकी हैं. लेकिन फिलहाल शूटिंग का रैप अप हो गया है.' भले ही एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी आज एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे सफल एक्ट्रेस में से एक है लेकिन हाल ही में उन्होंने अपनी स्ट्रगलिंग के दिनों के बारें में खुलासा करते हुए कहा था कि शुरुआती दिनों में उन्हें काफी ज्यादा टॉर्चर किया गया था. लेकिन फिर भी वो शुक्रगुजार है उन सारी चीजों के लिए जो उन्होंने अपने इस सफर में देखी हैं. दिव्यांका कहती हैं, 'हमें अपने सारे अनुभव, अच्छे हों या बुरे, उन्हें संजोह कर रखना चाहिए क्योंकि वो कुछ ऐसे पल होते हैं जो हमारी लाइफ को सुंदर बनाते हैं.' दिव्यांका ने आगे बताया था कि इंडस्ट्री में कुछ लोगों की तरफ से उन्हें गलत प्रस्ताव दिए गए थे, जिसे उन्होंने तुरंत ठुकरा दिया था. दिव्यांका ने यह भी कहा कि इन प्रस्तावों को ठुकराते वक्त उन्होंने सावधानी बरती थी. कुछ लोग महिलाओं की छवि खराब करने का पूरा प्रयास करते हैं अगर उनका इगो हर्ट हो जाए. दिव्यांका का मानना है कि उनका भी चरित्र हरण करने की कोशिश की गई थी।

मौनी रॉय ने पतली कमरिया गाने पर किया धमाकेदार डांस, वायरल हुआ वीडियो

मौनी रॉय ने पतली कमरिया गाने पर किया धमाकेदार डांस, वायरल हुआ वीडियो अपने शानदार अभिनय और खूबसूरती से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय ने बुधवार को अपना एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया है,जो तेजी से वायरल हो रहा हैं। इस वीडियो में मौनी पर्पल कलर के ऑउटफिट में पतली कमरिया गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए मौनी ने लिखा-इस गाने की खुशी में इस गाने पर पहले ही डांस कर लिया! अपने शानदार अभिनय और खूबसूरती से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपना एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस

के साथ साझा किया है,जो तेजी से वायरल हो रहा हैं। इस वीडियो में मौनी पर्पल कलर के ऑउटफिट में पतली कमरिया गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए मौनी ने लिखा-इस गाने की खुशी में इस गाने पर पहले ही डांस कर लिया! वीडियो में मौनी के डांस मूव्स के साथ-साथ उनका एक्सप्रेशन भी कमाल का हैं। मौनी के इस डांस को फैंस काफी पसंद कर रहे है और जमकर तारीफ भी कर रहे हैं। गौरतलब हैं की मंगलवार को ही मौनी रॉय का पतली कमरिया सॉन्ग रिलीज हुआ है, जिसे सुक्ष्वी, तनिष्क बागची और परंपरा टंडन ने गाया हैं। यह गाना रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाया हुआ हैं। मौनी के वर्कफंट की बात करें तो मौनी रॉय जल्द ही अयान मुखर्जी निर्देशित फिल्म ब्रह्मास्त्र में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी।

जस्टिन बीबर का पीचिस है दीपिका का पसंदीदा गाना

जस्टिन बीबर का पीचिस है दीपिका का पसंदीदा गाना बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण का कहना है कि उनका पसंदीदा गाना जस्टिन बीबर का पीचिस है।दीपिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।दीपिका अपने फैंस के लिए खुद से जुड़ी बातों को शेयर करती रहती हैं।दीपिका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पसंदीदा गाने के बारे में बताया है। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण का कहना है कि उनका पसंदीदा गाना जस्टिन बीबर का पीचिस है।दीपिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।दीपिका अपने फैंस के लिए खुद से जुड़ी बातों को शेयर करती रहती हैं।दीपिका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पसंदीदा गाने के बारे में बताया है। दीपिका पादुकोण ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी वैनिटी वैन में तैयार होती नजर आ रही हैं।इस दौरान वह फैंस के सवालों के जवाब देती नजर आ रही हैं।दीपिका का कहना है कि वह अपनी प्लेलिस्ट को लेकर काफी एक्साइटेट हैं।इसके साथ ही जब उन्होंने अपने फेवरेट सॉन्ग को फैंस के लिए प्ले किया तो वीडियो में दीपिका पादुकोण जस्टिन बीबर के 'पीचिस' गाने पर झूमने लगती हैं।

कोई मिल गया फिर से देखना चाहती है अनन्या पांडे

अनन्या पांडे ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपने करियर की शुरुआत की थी. इस फिल्म के बाद से अनन्या ने फिर पीछे पलटकर नहीं देखा है. इस फिल्म के बाद से अनन्या लगातार मूवीज कर रही हैं. अनन्या के अब चाहने वालों की लिस्ट भी काफी लंबी होती जा रही हैं. अनन्या अपनी अदाओं से अक्सर फैंस के दिलों को घायल करती रहती हैं. अनन्या के पोस्ट का फैंस को इंतजार रहता है. हाल ही में एक्ट्रेस ने ऋतिक रोशन की सुपरहिट फिल्म कोई मिल गया को लेकर पोस्ट किया है. अनन्या सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. एक्ट्रेस आए दिन कोई ना कोई पोस्ट अपने फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं. हाल ही में अनन्या ने एक ऐसा पोस्ट किया है, जो सोशल मीडिया पर छा गया है. अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम के माध्यम से अपने फैंस को बांधा हुआ है. अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अनन्या ने एक बूमरैंग वीडियो साझा किया था. वीडियो में अनन्या ने अजीब सा चेहरा बनाती दिखीं. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फैंस से एक खास सवाल भी पूछा है. वीडियो को साझा करते हुए अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह ऋतिक रोशन और प्रीति जिंटा अभिनीत फिल्म कोई मिल गया को फिर से देखना चाहती है. हालाँकि, एक निश्चित कारण के कारण वह नहीं देख सकती हैं, इसलिए अनन्या पांडे ने अपने प्रशंसकों से कुछ मदद मांगी. अनन्या ने वीडियो शेयर किया और लिखा, किन्दा वाना फिर से मिल गया।

संगीत सुनना सेहत के लिए होता है लाभदायक, जानिए हैरान करने वाले फायदे

क्या आप खाली समय में गाने सुनना पसंद करती हैं? अगर हां तो आपको बता दें कि संगीत आपका मुड ठीक करने के साथ ही साथ दिल की सेहत को भी दुरुस्त रखता है। संगीत का हमारे जीवन पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। इससे दिमाग तेज और शार्प होता है। इसके अलावा भी गाने सुनने के कई सारे फायदे होते हैं। तो चलिए जानते हैं कि वे फायदे क्या हैं?

संगीत आपको खुश रखता है: जब भी हम कोई अच्छा गाना सुन रहे होते हैं तब हमारा दिमाग डोपामाइन रिलीज करता है। इसे हैप्पी हार्मोन भी कहा जाता है। हैप्पी हार्मोन खुशी और एक्साइटमेंट बढ़ाने में काफी असरदार है। इसलिए जब भी हम किसी अच्छे गाने को सुनते हैं तो हमारा मुड बदल जाता है और हम अंदर से खुशी का अनुभव करने लगते हैं।

दिल की सेहत रखे दुरुस्त: जिन लोगों को दिल संबंधी कोई बीमारी है उन्हें खूब गाने सुनने चाहिए। एक अध्ययन में पाया गया है कि जब हम अपना पसंदीदा गाना सुन रहे होते हैं तब हमारे दिमाग से एंडार्फिन नाम का हार्मोन निकलता है। यह हार्मोन दिल संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने में मददगार होता है।

दिमाग रखे जवां: एक अध्ययन के मुताबिक संगीत दिमाग को हमेशा सेहतमंद बनाए रखता है। शोध का कहना है कि गाना सुनना दिमाग के व्यायाम की तरह होता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता रखे मजबूत: रोग प्रतिरोधक क्षमता को दुरुस्त रखने के लिए संगीत सुनना काफी आवश्यक है। यह शरीर में स्ट्रेस हार्मोन के स्राव को कम करता है जो कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करने के लिए जिम्मेदार है।

अवसाद रखे दूर: संगीत चिंता दूर करने और मुड सही रखने में बेहद प्रभावी साबित हो सकता है। एक अध्ययन के मुताबिक हमारे मूड और जीवन की गुणवत्ता पर संगीत का काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

हाथ जोड़कर नमस्कार करने से हमारी सेहत को होते हैं कई हैरान करने वाले फायदे

सनातन और हिंदू धर्म में नमस्कार करना एक महत्वपूर्ण परम्परा मानी जाती है। यह अभिवादन का भारतीय तरीका है, ठीक वैसे ही जैसे लोग किसी से मिसने पर सलाम या शेकहैंड करना करते हैं। किसी बड़े या आदरणीय व्यक्ति से मिलने पर हम अपने दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार या नमस्ते कहते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इस तरह से नमस्कार ने इस बारे में सोचा है कि आखिर हम नमस्ते ही क्यों बोलते हैं और पीछे क्या कारण है? नमस्ते संस्कृत के दो शब्दों 'नमस' और 'ते' से मिलकर बना है। नमस का अर्थ होता है झुकना और 'ते' का मतलब होता है आपको। इसलिए नमस्ते का मतलब होता है सामने वाले के सम्मान में झुकना। आपने कभी नमस्ते करते समय अपने शरीर की संरचना पर ध्यान दिया है, जब भी आप नमस्ते करते हैं जो आप दोनों हाथो को ऐसे जोड़ते हैं जिसमें उँगलियों के सिरे एक दुसरे को स्पर्श करते रहते हैं। उसके बाद आप धीरे से हाथो को नीचे सीने के बीचोबीच वाले हिस्से में ले जाते हैं जहाँ अनहत चक्र स्थित होता है। यह चक्र प्यार और समर्पण से जुड़ा हुआ है जो आपके और परमात्मा के बीच में संबंध स्थापित करता है। हाथ जोड़कर नमस्कार करने के पीछे भी एक दिलचस्प वैज्ञानिक कारण है, जब भी दोनों हाथो को जोड़ते हैं तो उँगलियों के सिरों पर दवाब बढ़ता है।

तनाव में इजाफा

यूक्रेन के साथ बातचीत बेनतीजा रहने के बाद रूस ने संभवतः कीव पर बड़ा धावा बोलने की तैयारी कर ली है। रूसी सेना का विशाल काफिला यूक्रेन की राजधानी कीव की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी कंपनी मैक्सर टेक्नोलॉजी ने उपग्रह तस्वीरों के जरिए यह खुलासा किया है। यह काफिला 64 किलोमीटर लंबा बताया गया है। कीव पहले ही कई रूसी हमलों को विफल कर चुका है। इसे देखते हुए लग रहा है कि रूस ने अब इस पर कब्जे की निर्णायक तैयारी कर ली है। यह काफिला उत्तरी कीव की ओर जा रहा है। काफिले में सेना के ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक व सैनिक शामिल हैं। एक दिन पहले रूसी सेना ने आम नागरिकों से कीव छोड़ने को भी कहा था। रूस-यूक्रेन के बीच छह दिनों से जंग जारी है। रूस व यूक्रेन के बीच सोमवार को पहली बार सीधी बातचीत भी हुई, लेकिन वह बेनतीजा रही। रूस जहां यूक्रेन को हथियार डालने पर अडिग है वहीं, यूक्रेन रूसी फौज की वापसी पर। रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा अपनी परमाणु फौजों को तैयार रहने के निर्देश से भी चिंता बढ़ गई है। लगातार बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन में मौजूद भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को तुरंत कीव छोड़ने को कहा है। दूतावास की तरफ से जारी इमरजेंसी एडवाइजरी में कहा गया है कि भारतीय जिस हाल में हैं, उसी स्थिति में तुरंत शहर से बाहर निकल जाएं। वहीं यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए अब भारतीय वायु सेना की मदद ली जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरफोर्स के अफसरों से कम समय में अधिक लोगों को निकालने के लिए मदद करने को कहा है। भारतीय वायु सेना ऑपरेशन गंगा में कई सी-17 विमान तैनात कर सकती है। सी-17 ग्लोबमास्टर ने अफगानिस्तान में अशांति के दौरान 640 लोगों को लेकर उड़ान भरी थी। भारतीय वायुसेना ने सी-17 ग्लोबमास्टर विमान से भारतीयों को काबुल से दो बार एयरलिफ्ट किया था। भारत के पास 11 सी-17 ग्लोबमास्टर विमान हैं। इस विमान का बाहरी ढांचा इतना मजबूत है कि इस पर राइफल और छोटे हथियारों की फायरिंग का कोई असर नहीं होता है। रूसी सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव को चारों ओर से घेर रखा है। इस बात की आशंका है कि जल्द ही रूसी सेना कीव पर कब्जा करके वहां की सत्ता पर एक कठपुतली सरकार को बिठा सकती है। ऐसा होता है तो यूक्रेन में इस कठपुतली सरकार को बचाए रखना रूस के लिए काफी मुश्किल होगा। इसकी मुख्य वजह यह है कि यूक्रेन ईस्ट और वेस्ट में बंटा हुआ है। ईस्ट में रूसी भाषा बोलने वालों की संख्या अच्छी खासी है। ऐसे में यहां तो कठपुतली सरकार को समर्थन मिलेगा, लेकिन वेस्ट में यूक्रेनियन ज्यादा रहते हैं। इसलिए यहां इसका कड़ा विरोध होगा। यही वजह है कि इस जंग ने 1989 की उस घटना की याद ताजा कर दी है, जब दूसरे विश्व युद्ध के बाद जर्मनी का जीता हुआ हिस्सा लोगों के विरोध के चलते रूस के हाथ से निकल गया था। जर्मनी की तरह ही यूक्रेन भी दो हिस्सों में बंटा हुआ है। पूर्वी यूक्रेन के कुछ हिस्से में रूसी भाषा बोलने वालों की तदाद ज्यादा है। वहीं, पश्चिमी यूक्रेन में मूल यूक्रेनियन की तदाद ज्यादा है। ऐसे में राजधानी कीव की सत्ता पर रूस अपनी पसंद की कठपुतली सरकार बिठा भी देते हैं तो उस सरकार को बचा पाना मुश्किल होगा। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन की कुल आबादी में से करीब 75 फीसदी जनसंख्या मूल निवासियों की है। किसी मुल्क की सरकार से वहां की 75 फीसदी से ज्यादा आबादी नाराज हो तो ऐसे में किसी सरकार का बने रहना मुश्किल और चुनौती भरा होगा।

स्त्री-पुरुष के अधिकारों का द्वंद 'मैरिटल रेप'

प्रभुनाथ शुक्ल

मैरिटल रेप अब सिर्फ एक शब्द नहीं, हाल के दिनों में स्त्री अधिकार और उसके विमर्श का केंद्र बन गया है। भारत जैसे उदार देश में एक तरफ तीन तलाक और हालाला जैसी कुप्रथाएं पुरुष के एकाधिकार को साबित करती हैं। वहीं मैरिटल रेप यानी वैवाहिक बलात्कार भी स्त्री अधिकारों का दमन है। यह समाजिक बिदूपता और कुरूपता है। इसके पीछे पुरुष एकाधिकार की गंध आती है। महिलाओं को सिर्फ समर्पण, त्याग, दया और ममता की प्रतिमूर्ति समझना कहाँ का न्याय है। स्त्री और पुरुष अर्धनारिश्वर है। दोनों के बिना किसी एक का अस्तित्व नहीं है। आधुनिक युग में जहाँ %लिव इन रिलेशन% जैसी गैर सामाजिक संस्थाओं का उदय हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ वैवाहिक जीवन में सहमति और असहमति के बीच सेक्स स्त्री और पुरुष के बीच द्वंद की दीवार बना है।

वैवाहिक जीवन में बलात्कार शब्द का औचित्य ही नहीं होना चाहिए। विवाह जीवन की पहली सहमति है। वह स्त्री-पुरुष के आपसी समझौते का संस्थागत दस्तावेज है।दोनों के बीच दैहिक संतुष्टि एक प्राकृतिक शाश्वत सत्य है। दैहिक संतुष्टि पर जितना प्राकृतिक अधिकार स्त्री का है उतना ही पुरुष का है। इस सत्य के पीछे सृष्टि संरचना का एक अनूठा संसार भी है। क्या हम ऐसे विवादों को खड़ा कर जीवन संरचना के शाश्वत सत्य को ही मिटाने पर तुले हैं। क्या हम प्राकृतिक सत्य को ही नकारने पर अमादा हैं। वैवाहिक जीवन में दैहिक संतुष्टि स्त्री-पुरुष का प्राकृतिक अधिकार है। इसे सिर्फ स्त्री विमर्श और उसके अधिकार के रूप में नहीं विश्लेषित किया जाना चाहिए। फिलहाल ऐसी बहस कितनी जायज है जब जीवन की निजी आजादी की आड़ में विवाह पूर्व उन्मुक्त सेक्स की संस्कृति पनप रहीं है।

दिल्ली उच्च न्यायालय में मैरिटल रेप यानी वैवाहिक बलात्कार का मामला लंबित है। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा था। लेकिन सरकार इस मामले में अदालत से अभी लंबा वक्त चाहती है। अदालत उसके लिए तैयार नहीं दिखती है, उसने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जबकि केंद्र सरकार सभी राज्यों और दूसरी संवैधानिक संस्थाओं से इस पर विमर्श चाहती है। स्त्री-पुरुष संबंधों को लेकर वर्षों पुराना कानून बदले परिवेश में अप्रासंगिक हो चला है। मैरिटल रेप को अपराध घोषित कर दिया गया तो विवाह नाम की संस्था खतरे में पड़ जाएगी। समाज में एक नई तरह की समस्या पैदा हो जाएगी। देश में बलात्कार को लेकर भी तमाम कानून बने हैं उस स्थित में क्या हम बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य पर प्रतिबंध लगा पा रहे हैं। लेकिन हम यह भी नहीं कहते हैं कि स्त्री अधिकारों की रक्षा न हो।फिलहाल इस तरह के कानून से विवाह जैसी संस्था के लिए खतरा बढेगा।

स्त्री-पुरुष के जीवन में बलात शब्द की कोई जगह ही नहीं है। विवाह कोई काट्रैक्ट नहीं है। यह जीवन जीने की पद्धति है। जीवन में सब कुछ सेक्स है यह भी गलत है।सेक्स यानी यौन संतुष्टि जीवन का आनंद और सृष्टि का सर्जक है। कुलीन स्त्री-पुरुष के संस्कारित जीवन में सहमति और असहमति की बात ही नहीं पैदा होती। जीवन में तमाम ऐसे वक्त और मोड़ आते हैं जहां सेक्स बहुत कुछ होते हुए भी कुछ नहीं होता। वैवाहिक संस्था गौड़ हो जाती है और परिवार प्रथम होता है। यह देश, काल, वातावरण और परिस्थिति जन्य हालात पर निर्भर करता है। संविधान में मैरिटल रेप अपराध की श्रेणी में नहीं है। पुरुष के खिलाफ इस पर किसी सजा का प्रावधान नहीं है। वैवाहिक जीवन में सेक्स जीवन का आनंद है। लेकिन सेक्स में स्त्री और पुरुष की सहमति आवश्यक है। क्योंकि यौन संतुष्टि जीवन की संतुष्टि है। फिर इसमें असहमति का प्रवेश मैरिटल रेप में आता है। इस मुद्दे को एक विवेकशील स्त्री-पुरुष आपस में समझ सकते हैं। अदालत का एक फैसला सिर्फ कानून बन सकता है लेकिन जीवन में सहमति और संतुष्टि नहीं पैदा कर सकता।

वैवाहिक जीवन की सफलता, संतानोत्पत्ति, संतान सुख और विभिन्न

बातें जीवन की सफलता के आयाम है।जबकि यौन संतुष्टि स्त्री-पुरुष के सुखमय जीवन और पारिवारिक का परिपथ है। ऐसी स्थिति में हम यौन संतुष्टि को जीवन से अलग नहीं कर सकते हैं। विवाह जैसी पवित्र संस्था में प्रवेश के बाद ही स्त्री-पुरुष का जीवन परिवार नामक की संस्था में प्रवेश करता है। उस संस्था को सृष्टि परिवार नामक संस्था में बदलकर देश और समाज का निर्माण करती है। स्त्री-पुरुष के जीवन में असहमति तमाम दुष्परिणामों का फल देती है। यौन संतुष्टि के लिए स्त्री को सिर्फ सेक्स की मशीन नहीं समझना चाहिए। मेरा जहाँ तक ख्याल है संस्कारित जीवन में ऐसी बातें होती भी नहीं हैं।

वैवाहिक जीवन में हमें स्त्री के अधिकार की संपूर्ण रक्षा करनी चाहिए। पुरुष, स्त्री पर एकाधिकार चाहता है। जबकि अब परिवेश बदल गया है स्त्री स्वावलम्बी हो चली है उस हालात में वह पुरुष के एकाधिकार पर खुद को क्यों समर्पित करेगी। जब उसका पति रोज नशे में घर पहुँचता है और खुद की यौनिक संतुष्टि को जीवन की मंजिल मानता हो। उसके लिए स्त्री की भावनाएं और बाल-बच्चे और परिवार की समस्याएं कोई मायने नहीं रखती। हालांकि मैरिटल रेप को अगर अदालत कानूनी मान्यता देती है तो स्त्री अधिकार को कानूनी रक्षा कवच मिल जाएगा, लेकिन इससे समाजिक विद्रूपता फैलने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

मैरिटल रेप स्त्री-पुरुष के बीच एक मनोविकार है। जीवन में संतुष्टि का आनंद तभी मिलता है जब स्त्री और पुरुष के बीच सहमति होती है। इस तरह की संतुष्टि सेक्स को कई गुना बढ़ाती है। लेकिन असहमति में तमाम विद्वेष और विकारों को जन्म देती है। इस तरह की हरकत से स्त्री की निगाह में पुरुष गिर जाता है। उस स्त्री की नजरों में देवता बना पति दानव बन जाता है। पुरुष को इस तरह के हालातों से बचना चाहिए। वैवाहिक संस्था का यह शर्मनाक पहलू है। जब यौन संतुष्टि यौन हिंसा में बदल जाए तो स्त्री-पुरुष संबंध अच्छे नहीं हो सकते। सफल वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का कहीं स्थान नहीं होना चाहिए। यौन हिंसा ही तलाक और दूसरे मुद्दों का कारण बनती है।

भारत में 29 फिसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का शिकार है। गांव और शहर में इसका अंतर साफ-साफ दिख सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के एक आंकड़े अनुसार यौन हिंसा का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण इलाकों में देखने को मिलता है। ग्रामीण इलाकों में 32 फिसदी और शहरों में 24 फिसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौनिक हिंसा का शिकार हैं। महिलाओं को ऐसी हिंसा से बचने के लिए डॉमेस्टिक वायलेंस एक्ट (घरेलू हिंसा कानून) भी है। दुनिया के 185 देशों में सिर्फ 77 में मैरिटल रेप पर कानून बना है। बाकी 108 देश में 74 देश ऐसे हैं जहां महिलाओं को रिपोर्ट दर्ज कराने का अधिकार है। भारत के समेत 34 देशों में मैरिटल रेप को लेकर कोई कानून नहीं है। आधुनिक परिवेश में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। क्योंकि विवाह नामक संस्था को बनाए रखना भी हमारी सामजिक चुनौती है। हम एक अच्छी स्त्री चाहते हैं, लेकिन हमें एक अच्छा पुरुष भी बनना होगा। अदालत के किसी भी फैसले का असर समाज पर दूरगामी हो सकता है। सरकार और संवैधानिक संस्थाओं को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

न देने वाला मन

एक भिखारी सुबह-सुबह भीख मांगने निकला। चलते समय उसने अपनी झोली में जौ के मुट्ठी भर दाने डाल लिए। टोटके या अंधविश्वास के कारण भिक्षाटन के लिए निकलते समय भिखारी अपनी झोली खाली नहीं रखते। थैली देख कर दूसरों को लगता है कि इसे पहले से किसी ने दे रखा है। पूर्णिमा का दिन था, भिखारी सोच रहा था कि आज ईश्वर की कृपा होगी तो मेरी यह झोली शाम से पहले ही भर जाएगी। अचानक सामने से राजपथ पर उसी देश के राजा की सवारी आती दिखाई दी। भिखारी खुश हो गया। उसने सोचा, राजा के दर्शन और उनसे मिलने वाले दान से सारे दरिद्र दूर हो जाएंगे, जीवन संवर जाएगा। जैसे-जैसे राजा की सवारी निकट आती गई, भिखारी की कल्पना और उत्तेजना भी बढ़ती गई। जैसे ही राजा का रथ भिखारी के निकट आया, राजा ने अपना रथ रुकवाया, उतर कर उसके निकट पहुंचे। भिखारी की तो मानो सांसें ही रुकने लगीं। लेकिन राजा ने उसे कुछ देने के बदले उलटे अपनी बहुमूल्य चादर उसके सामने फैला दी और भीख की याचना करने लगे। भिखारी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या करे। अभी वह सोच ही रहा था कि राजा ने पुनर् याचना की। भिखारी ने अपनी झोली में हाथ डाला, मगर हमेशा दूसरों से लेने वाला मन देने को राजी नहीं हो रहा था। जैसे-तैसे कर उसने दो दाने जौ के निकाले और उन्हें राजा की चादर पर डाल दिया। उस दिन भिखारी को रोज से अधिक भीख मिली, मगर वे दो दाने देने का मलाल उसे सारे दिन रहा। शाम को जब उसने झोली पलटी तो उसके आश्चर्य की सीमा न रही। जो जौ वह ले गया था, उसके दो दाने सोने के हो गए थे। उसे समझ में आया कि यह दान की ही महिमा के कारण हुआ है। वह पछताया कि काश! उस समय राजा को और अधिक जौ दी होती, लेकिन नहीं दे सका, क्योंकि देने की आदत जो नहीं थी।

संकट में अनेक जैव प्रजातियों का जीवन-चक्र

योगेश कुमार गोयल

वन्यजीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-

जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं। समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में विस्तार से यह बताया गया है कि ब्रिटिश काल से ही भारत में किस प्रकार वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया।

सेल्फी का जुनून जान पर पड़ रहा भारी

सूडोकु नवताल- 5999

★★★★★ कठिनतम

			2					4
			6					1
	5		8			2		3
		7					6	
	3					8		
1		6			3		7	
2					5			
8					4			

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -5998 का हल

6	5	4	3	1	9	7	2	8
7	2	3	5	8	4	9	6	1
8	9	1	7	2	6	3	4	5
1	7	2	8	3	2	5	9	4
4	3	8	9	6	5	1	7	6
5	6	9	4	7	1	8	3	2
2	8	7	1	4	3	6	5	9
9	1	6	2	5	7	4	8	3
3	4	5	6	9	8	2	1	7

सोनम लववंशी

सेल्फी का जुनून आजकल युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसे में सेल्फी की बढ़ती लत के चलते युवा अपनी ज़िंदगी तक दांव पर लगाने से बाज नहीं आते। जो फ़ोटो अपने यादगार पलों को सहेजने के लिए हुआ करती थी, वह अब लाइक, कमेंट का जरिया भर बनकर रह गई है। सेल्फी का फितूर युवाओं की मौत की वजह बन रहा है। अभी हाल ही में गुरुग्राम में चार युवक चलती ट्रेन के सामने सेल्फी लेने के चक्कर में काल के गाल में समा गए। 20-25 वर्ष के युवा चलती ट्रेन के सामने ऐसी सेल्फी लेना चाह रहें थे। जिससे पीछे से आती ट्रेन दिखाई दे और इसी चलती ट्रेन के साथ सेल्फी लेने की चाहत और कुछ लाइक, कमेंट की खातिर इन चार युवकों ने अपनी जान गंवा दी। वैसे जिस वक्त ये युवा चलती ट्रेन के सामने सेल्फी लेने के लिए आगे बढ़ें। उस वक्त शायद ही उन्हें सामने मौत खड़ी दिखाई दी होगी? इतना ही नहीं शायद ही किसी ने सोचा होगा कि जरा सी लापरवाही इन युवाओं की मौत की वजह बन जाएगी। देखा जाए तो यह कोई पहला मौका नहीं है जब सेल्फी के जुनून में युवाओं ने जान गंवाई है। वर्तमान समय में शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरता होगा जब सेल्फी के चक्कर में युवा अपनी जान को दांव पर लगाने से बाज आते होंगे? आए दिन सेल्फी के चक्कर में युवाओं की मौत मीडिया अखबारों की सुर्खियां बनती है। बावजूद इसके युवाओं का जुनून सेल्फी को लेकर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय है कि जिंदगी में खुशी के

पल ढूढ़ने के लिए सेल्फी के अलावा और भी तरीक़े है। बावजूद इसके हर वर्ग के युवा सेल्फी के दीवाने हुए जा रहे हैं। सेल्फी का बढ़ता क्रेज जानलेवा एडवेंचर साबित हो रहा है। यह कैसा शौक़ है कि लोग अपनी जान तक की परवाह नहीं करते है। कहते है अति हर चीज़ की बुरी होती है और बढ़ती सेल्फी की दीवानगी का ही दुष्परिणाम है कि लोग डिप्रेशन जैसी गम्भीर बीमारियों का शिकार तक हो रहे हैं। अमेरिकन साइक्लोजिकल एसोसिएशन (एपीए) ने भी ऑफिशियल रूप से सेल्फी लेने को मेंटल डिसऑर्डर कहा है। 2018 में जर्नल ऑफ फैमली मेडिसिन एंड प्राइमरी केयर के सर्वे के मुताबिक 2011 से 2017 के बीच दुनिया में 279 मौत सेल्फी की वजह से हुई। जिनमें सबसे ज्यादा मौतें भारत में हुई। ऐसे में आप सहज आंकलन कर सकते हैं कि सेल्फी के प्रति दीवानगी अपने देश में किस हद्द तक बढ़ती जा रही है और जिसकी वजह से हर साल मौत के आंकड़े में इज़ाफ़ा हो रहा है। वैसे देखा जाए तो सेल्फी को आसान भाषा में स्वयं का फ़ोटो लेना कहते हैं और आज शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जो सेल्फी का मतलब न समझता हो। या यूं कहें कि सेल्फी का दीवाना न हो। साल 1850 में दुनिया में पहली सेल्फी ली गई थी और इसे स्वीडिश आर्ट फ़ोटोग्राफ़र ऑस्कर गुस्तवे रेजलेंडर ने लिया था। तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि ऐसा दौर भी आएगा जब लोग सेल्फी के दीवाने हो जाएंगे। वर्तमान परिदृश्य में नज़र डालें तो आज ऐसा कोई पल नहीं होता जिसे लोग कैमरे में कैद न करते हो। यहां तक की मौत के क़िया कर्म तक को लोग कैमरों में कैद करके रख लेते है। अब इसके पीछे कौन सी मानसिकता है यह तो वही लोग जाने, लेकिन कहीं न कहीं यह सेल्फी का कीड़ा मानसिक अवसाद का विषय आगामी समय में न बन जाएं। इस दिशा में गम्भीरता से सोचने का वक्त है, क्योंकि यत्र-तत्र सर्वत्र सेल्फी लेने की बीमारी बढ़ती जा रही। जो प्रवृत्ति घातक है। इतना ही नहीं मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी देखें तो व्यक्ति को अपने अच्छे पलों को एन्जॉय करने में समय व्यतीत करना चाहिए, न कि व्यर्थ में समय गंवाना चाहिए। प्रसिद्ध समाजशास्त्री चार्ल्स कुले का कहना था कि हम दर्पण में स्वयं को अपनी आंखों से नहीं बल्कि समाज की आंखों से देखते हैं। सेल्फी लेते समय भी यही सोच काम करती है। तभी तो सेल्फी की दीवानगी इस क़दर बढ़ गई है कि लोग अपनी जान तक की परवाह नहीं करते है और अब तो फ़ोटो महज़ लाइक, कमेंट का ज़रिया भर बनकर रह गई है।

यूक्रेन: भारत पहल क्यों न करे?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर भारतीय लोगों की नजरें शुरु से गड़ी रही हैं लेकिन एक भारतीय छात्र की मौत ने देश के प्रचारतंत्र को हिलाकर रख दिया है। भारत सरकार की तरह भारत की जनता भी अब तक बिल्कुल तटस्थ थी। वह रूस और यूक्रेन के इस युद्ध को एक तटस्थ दर्शक की तरह देख रही थी लेकिन कर्नाटक के छात्र नवीन की हत्या रूसी गोली से हुई है, इस खबर ने सारे देश में रोष पैदा कर दिया है। लोगों ने यूक्रेन-युद्ध को अब अपनी आखें तरेरकर देखना शुरु कर दिया है। भारत से रूस के एतिहासिक गहन संबंधों के बावजूद अब लोगों ने रूसी हमले की आलोचना शुरु कर दी है। सरकार को तो अपने राष्ट्रहितों की चिंता करनी है लेकिन आम लोग किसी भी मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण शुद्ध नैतिक आधार पर बना सकते हैं। लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि यूक्रेन-जैसे सार्वभौम और स्वतंत्र राष्ट्र पर इस तरह का हमला करने का अधिकार रूस को किसने दिया? यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। इससे भी ज्यादा, भारत के लाखों लोग इस बात से खफा हैं कि उनके हजारों नौजवान यूक्रेन के विभिन्न शहरों में अपनी जान नहीं बचा पा रहे हैं। यह तो एक छात्र को गोली लगी है तो यह खबर सार्वजनिक हो गई लेकिन जो छात्र बंकरों में छिपकर अपनी जान बचा रहे हैं, उनको पेटभर रोटी और पीने को पानी तक नसीब नहीं है, उनका क्या होगा? पता नहीं, हमारे कितने छात्र भूख से मर जाएंगे, कितने यूक्रेन की सीमा पैदल पार करते हुए कुरबान हो जाएंगे और कितने ही रूसी बमों और गोलियों के शिकार होंगे। हमारे सैकड़ों छात्रों के फोटो भी प्रसारित हुए हैं, जो यूक्रेन की भयंकर ठंड में मौत के कगार पर पहुंच रहे हैं। हमारी सरकार इन छात्रों की सुरक्षा की जी-तोड़ व्यवस्था कर रही है लेकिन यदि वह सतर्क होती तो यह पहल वह दो हफ्ते पहले ही कर डालती। मुझे खुशी है कि तीन-चार दिन पहले मैंने वायु सेना के इस्तेमाल का जो सुझाव दिया था, उस पर सरकार ने अब अमल शुरु कर दिया है। अब संयुक्तराष्ट्र महासभा और मानव अधिकार परिषद में भी वह क्या मौन धारण किए रहेगी? उसने फिलहाल, यह अच्छा किया है कि वह यूक्रेन को सीधी सहायता पहुंचा रही है जैसी कि उसने तालिबानी अफगानिस्तान को पहुंचाई थी। रूस और यूक्रेन या रूस और नाटो के बीच उसकी तटस्थता पूर्णरूपेण राष्ट्रहितसम्मत और तर्कसम्मत है लेकिन यही गुण उसे सर्वश्रेष्ठ मध्यस्थ बनने की योग्यता प्रदान करता है। वह रूस और अमेरिका, दोनों को अब भी समझा सकता है कि वे इस युद्ध को बंद करवाएं।

शासन की योजनाओं पर प्रगति नहीं देने वाले बैंको से सरकारी खाते हटेंगे: कलेक्टर

मुरैना। कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने कहा है कि पीएम स्ट्रीट वेण्डर योजना में नगरीय निकायों के अधिकतर खाते एसबीआई के अकाउंट से लगे हुये है। एसबीआई बैंकर्स शासन की योजना यानी पीएम स्ट्रीट वेण्डर योजना का लक्ष्य इस सप्ताह में पूर्ण नहीं करेंगे तो नगरीय निकायों के खाते तत्काल एसबीआई से हटाकर सेन्ट्रल बैंक मुरैना में शिफ्ट करायें जाये। यह निर्देश उन्होंने गत दिवस टीएल बैठक में नगर निगम कमिश्नर, जिले के नगरीय निकायों के सीएमओ को दिये। इस अवसर पर जिल्ल पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, एसडीएम, समस्त जिल्लधिकारी, नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद सीईओ मौजूद थे।

पीएम स्ट्रीट वेण्डर योजना की कलेक्टर समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान पिछले सप्ताह कैल्लरस सीएमओ द्वारा पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति शून्य बताई। इस पर कलेक्टर नाराज हुए और तत्काल कैल्लरस सीएमओ का दो दिन का वेतन काटने तथा कलेक्टर ने पशुपाल्लन विभाग के डॉ. त्यागी की प्रशंसा की। कलेक्टर ने वेटनरी विभाग की समीक्षा की। समीक्षा में पशुपालन विभाग द्वारा 42 हजार 438 लक्ष्य के विरूद्ध दो हजार 160 केसीसी वितरण कराये। इस पर कलेक्टर ने उपसंचाल्लक वैटनरी डॉ. त्यागी को बधाई दी और अगल्ली टीएल बैठक में एक हजार प्रकरण बैंको में प्रेषित करने तथा 500 प्रकरण वितरण कराने का ल्लक्ष्य दिया।

एडोप्ट एन आंगनवाड़ी की समीक्षा कलेक्टर ने की

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने एडोप्ट एन आंगनवाड़ी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीपीओ ने बताया कि अभी जिले में 45 आंगनवाड़ी एडोप्ट के लिये शेष रहे गई है, जिन्हें शीघ्र चिन्हित करके सौंप दिया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि समस्त अधिकारी जो आंगनवाड़ी उसके नाम से एडोप्ट कर चिह्नित की है। वे समस्त अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की संख्या, दर्ज गर्भवती महिल्लओं की संख्या, टीकाकरण, पोषण आहार, कुपोषित बच्चों की जानकारी आदि का भौतिक सत्यापन करें और आवश्यकता होने पर आंगनवाड़ी में आवश्यक उपकरण उपल्लब्ध कराये, जिससे आंगनवाड़ियों की हाल्लत सुदृढ़ हो सके।

स्वच्छता सर्वे में नागरिक फीडबैक का ऑनलाइन फार्म भरें

नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने कहा कि नगर निगम के अल्लावा सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले के समस्त नागरिक फीडबैक का ऑनल्लाइन फार्म एन्ड्रोयड मोबाइल से अपल्लोड करें, इसल्लिये नगर निगम एवं नगर पाल्लिकाओं की रैंकिंग बढ़ सके।

फसल पंजीयन की तारीख बढ़ाए सरकार, आधार लिंक की अनिवार्यता खत्म हो: जसविन्दर सिंह

भोपाल। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर प्रदेश के गेहूं, सरसों और चना उत्पादक किसानों को फसल के पंजीयन में आ रही समस्याओं और लूट की ओर ध्यान आकर्षित किया है। माकपा नेता जसविंदर सिंह ने कहा कि सरकारी पंजीयन केंद्रों पर किसानों को सर्वर डाउन होने की शिकायत मिलती है या कोई और बहाना बनाकर किसानों को लौटा दिया जाता है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि निजी कम्प्यूटर सेंटर पंजीयन के लिए मनमानी फीस वसूल कर किसानों को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी पंजीयन केंद्रों का विस्तार किया जाए और उन्हें जवाबदेह बनाया जाए। दूसरी समस्या पंजीयन के लिए मांगे जा रहे दस्तावेजों को लेकर है। दस्तावेजों में खसरा नंबर का आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ लिंक होना अनिवार्य है। इस बजह से भी किसान परेशान हो रहे है। पत्र के माध्यम से माकपा राज्य सचिव ने कहा कि वर्तमान में कुछ ऐसे भी किसान हैं जो अलग-अलग खेती करते है लेकिन अभी कागजों में बटवारा नहीं हुआ है, ऐसे में खसरा आधार से लिंक नहीं हो सकता। ऐसे में यदि परिवार में तीन-चार भाई है तो सिर्फ एक का ही पंजीयन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि पंजीयन की अंतिम तिथि नजदीक आ जाने के बाद भी अधिकतम 25 प्रतिशत से अधिक किसानों का ही पंजीयन हो पाया है। माकपा राज्य सचिव जसविन्दर सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि तत्काल पंजीयन की तारीख बढ़ाने की घोषणा की जाए, पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च की जाए। मोबाइल, खाता और आधार को लिंक किए बगैर जैसे पूर्व में पंजीयन होते आए हैं, वैसे ही पंजीयन किए जाएं। कम्प्यूटर सेंटर पर किसानों की लूट को रोकने के लिए सरकारी पंजीयन केंद्रों का विस्तार कर उनकी कार्यशैली और दक्षता में सुधार किया जाए।

जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम सम्पन्न

मुरैना। भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुरैना ने जौरी गॉव में जिल्ल स्तरीय जीवंत युवा संसद आयोजित कर युवाओं को संसदीय प्रणाल्ली समझाई। इस दौरान युवाओं को मंत्रिमंडल के गठन, संसदीय प्रक्रिया के शून्य काल, प्रश्न काल, संसदीय सत्र आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागी युवाओं को स्पीकर, मंत्री पद एवं विपक्ष की भूमिका आवंटित कर जीवंत संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साह पूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। स्पीकर के सदन में पहुंचते ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई। जैसे ही मंत्रियों ने अपने विभागों से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में सदन को जानकारी देना प्रारंभ किया वैसे ही विपक्षी सांसदों ने सत्ता पक्ष को घेरने की भरपूर कोशिश की। इस बीच कभी-कभी तो सदन में इतना शोर शराबा हुआ कि स्पीकर को सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। युवा संसदीय कार्यवाही को देखकर एक बार तो दर्शकों को सचमुच में वास्तविक संसद का आभास हुआ। आज की संसद में प्रधानमंत्री जन धन योजना, आत्मनिर्भर भारत, महिल्ला सशक्तिकरण, नई शिक्षा नीति, स्वच्छ भारत, आदर्श ग्राम योजना, कौशल विकास योजना, जल शक्ति मिशन, कोविड वैक्सीनेशन आदि विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिल्ला पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज तोमर डीजी प्रतिनिधि ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामाकान्त उपाध्याय समाजसेवी जौरी गॉव एवं नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक राकेश सिंह तोमर ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जौरा एवं मुरैना विकासखण्ड के विभिन्न युवा महिल्ला मण्डल्लों के ल्लाभग 160 युवाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम का संचाल्लन दिल्लीप कुमार सुमन ने किया। तथा आभार प्रदर्शन रामविल्लास शर्मा ने किया।

खाद्य विभाग अधिकारियों द्वारा दूध के लिए गए सैंपल

कैलारस। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर सैंपलिंग की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार खाद्य विभाग टीम मुरैना द्वारा कैलारस क्षेत्र में हो रही दूध की मिलावट खोरी को लेकर सैंपल लिए गए हैं। खाद विभाग की टीम ने रीझौनी रोड से जगदंबा डेयरी संचालक सत्यनारायण शर्मा एवं श्री श्याम डेयरी संचालक कन्हैया लाल पाठक की दूध डेयरी से मानक स्तर की जांच हेतु मिश्रित दूध के नमूने लिए गए एवं खाद्य अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि मिलावटखोरों के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। क्षेत्र में कहीं भी दूध मिलावट एवं खाद्य सामग्री पर हो रही मिलावट की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी, वहीं कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलावट का कार्य जोरों पर चल रहा है, उन पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के मिलावटखोरों के हौसले और भी बुलंद है। दूध में मिलावट का कारोबार करने वाले गांव कोटसिरथरा, विलगाव क्वारी, सैमई, सिमरौदा, आंतरी, रिठौनिया, निरारा, चमरगमाँ, खेरा मानगढ, भटपुरा, लहरां, मामचौन, डांडे का पुरा, धूरकूडा आदि गांव में मिलावट का कारोबार काफी फल-फूल रहा है। इसलिए खाद्य विभाग टीम को ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलावटी दूध के कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करना चाहिए।



छात्र को घसीटकर गल्ला मंडी में बेल्टों से किया लहूलुहान, एक दर्जन छात्रों ने दिया वारदात को अंजाम

मुरैना। सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्कूल से पढ़कर लौट रहे एक छात्र को एक दर्जन लड़के जबरन मारपीट करते हुए अपहरण कर गल्ला मंडी ले गए और वहां ले जाकर उसे बेल्ट से बुरी तरह पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया और चोट आई। पीड़ित बच्चे के पिता ने नगर पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। नगर पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में अरविंद सिंह चौहान निवासी पुरानी चुंगी नाका रोड गोपालपुरा ने बताया कि प्रार्थी का पुत्र ऋतुराज चौहान व प्रार्थी के भाई का पुत्र ऋषभ दोनों एशियन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पढ़ने गए थे। शाम करीब 5:30 बजे के लगभग रास्ते में घर आते समय आरोपी अज्जू परमार, संटू तोमर, विलन उर्फ रिंकू पंडित सहित 10 अन्य लड़के जिनमें संगम जादौन, प्रेम शर्मा, पारस शर्मा सारंग हरसाना आदि शामिल थे, उक्त सभी आरोपियों ने ऋतुराज को रोका और बोले कि तुम हमारी फील्डिंग लगाते हो, अब बताते हैं कैसे फील्डिंग लगती है और आरोपियों ने उसकी मारपीट कर दी तथा घसीटते हुए अपहरण कर गल्ला मंडी प्रांगण में ले गए तथा वहां बेल्ट से मारपीट की। इस दौरान ऋषभ घर पर आया और उसने घटना की जानकारी दी तो सभी परिजन गल्ला मंडी पहुंचे, जहां से उसे बचा कर लाए। ऋतुराज ने अपने पिता के साथ कोतवाली पहुंचकर सीएसपी को आवेदन दिया। पुलिस ने मारपीट का प्रकरण तो दर्ज कर लिया, लेकिन अपहरण का प्रकरण दर्ज नहीं किया है।

तत्काल आधार ई-केवायसी और मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य प्राथमिकता से करें

मुरैना। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने समस्त जिल्लधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में पीडीएस की दुकान पर उपभोक्ताओं के आधार ई-केवायसी और मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य किया जाना है। इस कार्य के लिये समस्त फूड विभाग और अन्य अधिकारी प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने एईपीडीएस पोर्टल अन्तर्गत शासकीय उचित मूल्य के दुकानदारों द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के आधार ई-केवायसी, मोबाइल सीडिंग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान 11 लाख 24 हजार 742 हितग्राहियों के विरूद्ध 87 हजार 179 हितग्राहियों के आधार ई-केवायसी एवं 2 लाख 41 हजार 71 परिवारों के विरूद्ध 7 हजार 724 परिवारों के मोबाइल नंबर सीडिंग पायी गई, जो काफी कम प्रगति है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि एक सप्ताह के अंदर इस कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाये। शासकीय उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देशित किया जाता है कि अपने-अपने क्षेत्र के परिवारों के आधार ई-केवायसी, मोबाइल नंबर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की इस कार्यवाही में प्राथमिकता के साथ सहयोग करें। प्रतिदिन की जानकारी वाट्सएप्प पर भेजें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के समस्त पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों को असुविधा से बचने के लिये अपनी-अपनी दुकानों पर सभी सदस्यों के आधार ई-केवायसी एवं मोबाइल नंबर फीडिंग करायें।

रायपुर राजिम में अध्यात्म, धर्म और हमारी गौरवशाली संस्कृति का संगम: श्री भूपेश बघेल

रायपुर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राजिम माघी पुन्नी मेला का गरिमामय समापन

अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे

छत्तीसगढ़ी संस्कृति को मिल रहा है सम्मान लक्ष्मण झूला का लोकार्पण- अंचल के लोगों को मिली ऐतिहासिक सौगात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि विधायक अमितेष शुक्ल ने 15 दिन तक शराब पर प्रतिबंध लगाने कि बात कही थी जिसे हमने तुरंत स्वीकृति दे दी और 15 दिन राजिम सहित आस-पास के क्षेत्रों की शराब दुकानें भी बंद रही। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने वनवासकाल में सबसे ज्यादा समय छत्तीसगढ़ में बिताया। राजिम से लेकर शिवरीनारायण तक का क्षेत्र कमल क्षेत्र कहलाता है। उन्होंने रामवनगमन पथ के संबंध में कहा कि इस पथ के लिए 9 महत्वपूर्ण स्थलों को पूरी भव्यता के साथ विकसित किया जा रहा है। इसमें राजिम महत्वपूर्ण पड़ाव है। मुख्यमंत्री ने कहा की राजिम को संवारने का कार्य हमारी सरकार द्वार किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि हमारी नीति और योजनाओं से छत्तीसगढ़ के किसान समृध्दि की ओर बढ़ रहे हैं। आज राज्य की संस्कृति, खानपान, रहन-सहन और व्यंजन का भी सम्मान हो रहा है। उन्होंने कहा की गोधन न्याय योजना की तारीफ प्रधानमंत्री भी कर चुके हैं। श्री बघेल ने कहा की गौठानों में विकसित किए जा रहे रुरल इंडस्ट्रीज पार्क के माध्यम से हमारे किसान और ग्रामीण भाई-बहन अब उद्योगकर्मी भी कहलायेंगे। उन्होंने ने कहा की मजदूरों के लिए प्रारंभ की गई राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से गरीबों की आय भी बढ़ेगी। उन्होने शानदार आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन एवं आम नागरिकों को बधाई दी। महानदी, पैरी और सोंढूर के पवित्र त्रिवेणी संगम के तट पर 16 फरवरी से 01 मार्च तक 15 दिनों तक चलने वाले श्रद्धा-भक्ति और आस्था के छत्तीसगढ़ के इस सबसे बड़े राजिम माघी पुन्नी मेला 2022 का भव्य समापन आज महाशिवरात्री के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की और महानदी की आरती में शामिल होकर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के धर्मस्व, पर्यटन, गृह, जेल, लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू

ने की। राजिम माघी पुन्नी मेला में इस वर्ष 10 लाख श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म और आस्था के संगम में डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सुप्रसिद्ध तीर्थ राजिम मात्र एक शहर नहीं बल्कि आध्यात्म, धर्म और हमारी गौरवशाली संस्कृति का संगम है। राजिम के महत्व को देखते हुए हमने यहां राजिम माघी पुन्नी मेला को भव्यता प्रदान करने के लिए न केवल नये मेला स्थल के लिए 54 एकड़ जमीन आवंटित की है। बल्कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला के निर्माण सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। मेले स्थल का तेजी से विकास किया जा रहा है। आज राजिम के त्रिवेणी संगम में 33.12 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित लक्ष्मण झूले का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज राजिम माघी पुन्नी मेले के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा की राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष आयोजन को बेहतर रुप देने का प्रयास रहता है। जिसमें हम सफल हो रहे है। इस वर्ष लक्ष्मण झूला की सौगात अंचल वासियों को मिली है। इससे बारह महीने भगवान कुलेश्वरनाथ का दर्शन होगा। उन्होंने बताया की मेले में इस वर्ष लगभग 3 हजार हितग्राहियों को 98 करोड़ रुपये का विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया है। राजिम विधायक श्री अमितेश शुक्ल ने कहा की लक्ष्मण झूला की सौगात से अंचल वासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी के लिए धन्यवाद दिया साथ ही शराब बंदी के लिए मुख्यमंत्री का अभार व्यक्त किया। अभनपुर विधायक श्री धनेन्द्र साहू ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में हर वर्गों का विकास हो रहा है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने मेले के आयोजन और वहां की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए हर वर्ग का आभार व्यक्त किया। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत श्री रामसुन्दरदास महाराज, महंत गोवर्धन शरण महाराज, संत श्री उमेशानंद महाराज, संत रविकर साहेब, ब्रम्हाकुमारी पुष्पा बहन, ब्रम्हाकुमारी हेमा बहन, संत विचार साहेब एवं विशिष्ट साधु-संतों की गरिमामयी मौजूदगी रही।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, भिलाई विधायक श्री देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिकगण मौजूद थे।

चोमू नगरपालिका चेयरमैन विष्णु सैनी पहुंचे दोसा जिला विभिन्न शादी समारोह में किया दौरा

जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे

राजस्थान । इस अवसर पर दोसा जिला अध्यक्ष गिर्राज सैनी कालूराम जी शंकर लाल जी कमलेश जी गिरधरलाल जी गोविंद नारायण जी अनिल जी सूरज जी राम बाबू जी खैराती लाल जी किशोर जी आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

लगातार 9वी वार महाशिवरात्रि पर कराया कन्या विवाह, विभिन्न झांकियां एवं ढोल नगाड़ा डीजे के साथ धूमधाम से पूरे गांव में निकाली शिवजी की बारात

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

दिनारा। ग्राम अलगी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य पुष्पेंद्र यादव जी एवं पूरी टीम ने भव्यता के साथ शिवजी की बारात निकाली एवं कन्या विवाह का आयोजन किया बरात का गांव में जगह जगह स्वागत किया कार्यक्रम को लेकर उत्साह था जिसने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। पुष्पेंद्र यादव जी ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है की लगातार नौवीं बार हम कन्या विवाह का आयोजन कर रहे हैं और सभी के सहयोग से इस वर्ष और भव्यता से कार्यक्रम हुआ इसके लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो आपने कीमती समय दीया। कार्यक्रम मैं सभी ग्राम वासियों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद द्वारा 10 लाख रुपए की लागत राशि से वार्ड नं. 23 संतोषी माता मंदिर के पास सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी ने किया भूमिपूजन

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

टीकमगढ़ । बुधवार के दिन टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी ने नगर के वार्ड क्रमांक 23 संतोषी माता कालौनी वासियों की मांग पर वार्ड में पंहुचकर जनप्रतिनिधियों के साथ सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन किया। इस दौरान वार्ड वासियों द्वारा विधायक राकेश गिरी का फूल माला पहनाकर स्वागत एवं शॉल श्रीफल से सम्मान किया। वहीं वार्ड वासियों ने विधायक राकेश गिरी का धन्यवाद ज्ञापित किया। भूमि पूजन के दौरान विधायक राकेश गिरी ने बताया कि वार्ड वासियों के द्वारा लंबे समय से वार्ड में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसको देखते हुए मेरे द्वारा आज विधि विधान से सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि यह सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य 10 लाख रुपए की लागत राशि से नगर पालिका टीकमगढ़ द्वारा तैयार की जाएगी। इसके अलावा विधायक राकेश गिरी

ने वार्ड का निरीक्षण किया एवं जल्द ही कार्य प्रारंभ कराने के लिए ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर पार्षद हर्ष मिश्रा, रामकुमार रैकवार, गोकुल प्रजापति, रोहित वैसाखिया, आनंद कुशवाहा, अतुल सोनी, सीताराम, रमेश नायक, आनंद त्रिपाठी, प्रियेश खरे, दीपेश अग्रवाल, मानस गंगेले, श्याम सुंदर, प्रकाश तिवारी, रामसेवक साहू, राजू नंदा, प्रवीण कुशवाहा सहित वार्डवासीजन मौजूद रहे।

राम का नाम नाम नहीं महामंत्र है : रामायणी

कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं हजारों भक्तगण

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद। राम का नाम केवल नाम नहीं है वह तो मुक्ति का महामंत्र है राम से बड़ा राम का नाम हैं राम का नाम लेने भर से सेतु भी लांग गए हनुमान यह बात मां चिल्लासन देवी भोनपुरा में आयोजित श्री रामकथा के द्वितीय दिन पंडित किशोर चंद्र रामायण (बीकानेर) ने भक्त गणों को प्रवचन में कही रामायणी ने कहा कि राम का नाम महामंत्र है और इस महामंत्र का उच्चारण शिव जी ने किया है आज काशी को मुक्ति का स्थान क्यों कहते हैं

काशी में जाने वाले इंसान के कान में जब महामंत्र सुनाया जाता है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है इसीलिए कहा गया है कि राम से बड़ा राम का नाम है विशाल सागर को जब कोई ना लांग सका तब पवनसुत हनुमान ने राम का नाम लेकर सागर पार किया इसलिए राम का नाम नहीं वह तो महामंत्र है। रामायणी ने कहा कि तीर्थों का राजा प्रयागराज है गुरु पुष्कर है संशये गुरु से कभी भी किसी बात को हमें नहीं छुपाना चाहिए 9 दिन चलने वाली कथा में ग्राम वासियों के सहयोग से व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है भिंड मुरैना आदि आसपास के ग्रामों के ग्रामीण जन भारी संख्या में श्री राम कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

अखिल भारतीय विज्ञान कवि सम्मेलन अध्यक्षता पंडित सुरेश नीरव ने की

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

नई दिल्ली- आजादी के अमृतवर्ष के महत्वपूर्ण संदर्भ में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में देश के विभिन्न पिचहत्तर शहरों में विज्ञान प्रसार को केन्द्र में रखकर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में विगत छब्बीस फरवरी को शाम पांच बजे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में कविता के रंग-विज्ञान के संग अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रसार के निदेशक डॉ नकुल पाराशर ने आमंत्रित कवियों का पुष्पगुच्छ और प्रतीक उपहार प्रदान कर स्वागत किया और

पंडित सुरेश नीरव
गाजियाबाद

श्रोताओं के विशेष आग्रह पर अपनी कविता सुनाकर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक कवि सम्मेलन की अध्यक्षता भारत रत्न सर विश्वेश्वरैया सम्मान से अलंकृत वैज्ञानिक चेतना के लब्धप्रतिष्ठित कवि पंडित सुरेश नीरव की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार/कवि लक्ष्मी शंकर वाजपेई रहे। इंडिया साइंस टीवी के लोकप्रिय एंकर मानवर्धन कंठ ने संचालन का दायित्व संभाला और कवि सम्मेलन की थीम विज्ञान सर्वत्र पूज्यते पर कविता पढ़ने के लिए समारोह अध्यक्ष पंडित सुरेश नीरव को आमंत्रित किया। जिसे श्रोताओं द्वारा खूब पसंद किया गया। सुधि श्रोताओं की विराट उपस्थिति में आयोजित इस कवि सम्मेलन में डॉक्टर रुचि चतुर्वेदी (आगरा), यशपाल सिंह यश (गुरु ग्राम),रामायण धर द्विवेदी (लखनऊ),चिराग जैन (दिल्ली),मीनू खरे (लखनऊ), ज्योत्सना कलकल(गुरु ग्राम),शंभू शिखर (दिल्ली) एवं पद्मिनी शर्मा (दिल्ली) ने कविता पाठ किया। कवियों के सार्थक रचना पाठ का आनंद लेते हुए श्रोता अंत तक उपस्थित रहे। इस विज्ञान कवि सम्मेलन में विज्ञान और कविता का एक अनूठा तालमेल देखने को मिला। निश्चित ही विज्ञान को घर-घर पहुंचाने की दिशा में ऐसे आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

शिव बारात में 16 राज्यों सहित नेपाल से भी अतिथि शामिल हुए: शरद

शिव पार्वती विवाह उत्सव धूमधाम से मनया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

दिल्ली महिपालपुर । विश्व ब्राह्मण महासभा एवं हेल्प फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी द्वारा जानकारी देते हुए बताया की महाशिवरात्रि की पावन अवसर पर शिव पार्वती विवाह का आयोजन किया गया! 28 फरवरी को मेहंदी और हल्दी की रस्म की गई, जिसमें महिलाओं ने मां पार्वती एंव भोले बाबा के हल्दी लगाई, विश्व ब्राह्मण महासभा एंव हेल्प फाऊंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा द्वारा पार्वती मां की माता रानी मैना के रूप में पार्वती जी के हल्दी लगाई एवं सभी महिलाओं ने पार्वती मां के मेहंदी लगा कर मेहंदी की रस्म पूरी की, इस अवसर पर ढोलक की थाप पर महिलाओं ने मेहंदी और हल्दी के गीत एवं धूमधाम से नाचते गाते मेहंदी और हल्दी की रस्म पूरी की, महाशिवरात्रि (1 मार्च 2022) के शुभ दिन पर भोले बाबा की शोभायात्रा एवं धूमधाम से बारात निकाली गई, बारात में राधा



कृष्ण जी सहित समस्त देवी देवताओं का आह्वान किया गया।, बारात में नेपाल, दिल्ली,उत्तरप्रदेश,बिहार राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश जम्मू कश्मीर सहित 16 राज्यों से अतिथि शामिल हुए, बारात महिपालपुर की मुख्य बाजारों से घूमती हुई अशोक कांपलेक्स महिपालपुर में आई बारात का स्वागत बड़ी धूमधाम से किया गया, दरवाजे पर पार्वती जी की माता रानी मैना के रूप में डॉ? अनीता मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपना सोनी, कमलेश राठौड़, दिव्या मिश्रा, मोनिका, सीता थापा नेपाल सहित सभी ने वधू पक्ष की ओर से शिव बारात का स्वागत किया, डॉ मिश्रा ने शिवजी की आरती उतारी, शिवजी ने तोरण मारते हुए प्रवेश किया, स्वाति मिश्रा गौरव मिश्रा कविता ज्योति मोहित पाराशर भोले बाबा वर पक्ष की ओर से बारात में शामिल हुए अतिथियों का स्वागत किया फिर फेरे करवाएं गए कन्यादान एवं सात फेरे की रस्म अदा की गई एवं मां पार्वती जी की विदाई रस्म भी की गई। भोजन प्रसादी के उपरांत सभी मेहमानों को विदा किया गया, डॉ अनीता मिश्रा एवं शरद द्विवेदी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

रुकमा नंद स्वामी को बनाया युवा बोर्ड सदस्य

जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे

राजस्थान सरकार के मुखिया श्री अशोक गहलोत ने 74 राजनीति नियुक्तियां की जिसमें सोशल मीडिया के कार्यकर्ता रुकमा नंद स्वामी को युवा बोर्ड सदस्य पद पर नियुक्त किया।

यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव आशीष बेरवा ने किया विधानसभा खंडार का दौरा

जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्राम पंचायत गोठ बिहारी में समस्त ग्राम वासियों द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति सदस्य चुन्नी लाल गुर्जर राजू सैनी महेश सैनी व अन्य समाज बंधुओं ने किया स्वागत।

पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने किया गंगापुर सिटी का दौर

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

ग्राम कुस्तला में घनश्याम जी सैनी माइंस कांट्रेक्टर यूथ जिलाध्यक्ष राजेश सैनी व उनकी टीम ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया इसी प्रकार करमोदा सूरवाल बाटोदा अन्य जगह पर सैनी का स्वागत समाज बंधुओं द्वारा किया गया सैनी सबाई माधोपुर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सीएल गहलोत के निवास स्थान पर पहुंच कर समाज बंधुओं से चर्चा की इस दौरान सैनी के साथ पूर्व सरपंच डालचंद उनियारा तहसील अध्यक्ष तेजपाल सैनी पार्षद मदन मोहन सैनी पप्पू मुंशी राजेंद्र सैनी भागचंद सैनी दीपक मीणा राजेश मीणा महेश गुर्जर अनिल गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों के परिवारजनों से धैर्य रखने की अपील की

नेनाराम सिरवी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली । पाली जिला कलेक्टर आईएएस नमित मेहता ने जिले के यूक्रेन में फंसे नागरिकों के परिवारजनों से धैर्य रखने की अपील की है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार समस्त प्रभावित व्यक्तियों की कुशल वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं तथा समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित रूप से उनके निवास स्थान तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्यवाही कर रही हैं। प्रभावित व्यक्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी साझा करने के जिए गृह विभाग के पोर्टल http://home.rajasthan.gov.in ´U e-intimation of Stranded Residents of Rajasthan State in UKRAINE पर ऑनलाईन दर्ज करवाई जा सकती है, साथ ही जयपुर स्थित नियत्रंण कक्ष के दूरभाष संख्या 0141-2229091/2229111, मोए +918306009838 एवं ई-मेल RAJFOUND-RJ@NIC.IN पर भी सम्पर्क किया जा सकता हैं। इस सम्बन्ध में जिला स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसके दूरभाष संख्या 02932-225380 हैं।

दतिया सुमावली गांव के पंचायत भवन में गांव के गौरव के रूप में दर्ज हुआ डॉ हेमंत कुमार जैन का नाम

मेडिकल कॉलेज दतिया के ,मेडिसिन विभाग के सहायक प्राध्यापक , एवं सम्बद्ध अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉ हेमंत कुमार जैन , जो कि ग्राम सुमावली तहसील जौरा जिला मुरैना के मूल निवासी हैं , का नाम ग्राम सुमावली के पंचायत भवन में गांव के गौरव के तौर पर लिखा गया है।

चोरों का बोलबाला दिनदहाड़े करीब 5 लाख चोरी की वारदात को दिया अंजाम

अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी- खबर वीर सावरकर उद्यान के पास महल कॉलोनी यूनियन बैंक वाली गली पर आज सुबह हुई 5 लाख की लूट की वारदात को अंजाम दे दिया गया मिली जानकारी के अनुसार राकेश गुप्ता ट्रांसपोर्टर छर्च वाले निवासी नवाब साहब रोड आज अपने घर से अपने कर्मचारियों और पेट्रोल पंप का हिसाब करने के लिए अपने घर से 5 लाख रुपये लेकर निकले थे तभी वह अपने मित्र को लेने के लिए यूनियन बैंक के पास महल कॉलोनी पर खड़े हुए थे इतने में एक लड़का आकर उनसे बोलता है कि आपकी गाड़ी से ऑयल निकल रहा है जब वह अपनी गाड़ी

से बाहर निकल कर गाड़ी को चेक करने के लिए बोनट खोलकर ऑल का पता लगा रहे थे इतने में उनकी गाड़ी में रखा बैग जिसमें ?5 लाख रुपए थे कोई चोर चुरा कर ले गया और एक बड़ी वारदात को अंजाम दे गया शहर में हो रही चोरियों लगातार बढ़ती जा रही हैं चोर लगातार अपने होठों को बुलंद करते जा रहे हैं महाशिवरात्रि के पर्व पर भी सिद्धेश्वर मेला ग्राउंड में चोरों का बोलबाला रहा लेकिन गनीमत रही कि पुलिस ने उन चोरों को पकड़ लिया आज हुई इस घटना को देखकर ऐसा लगता है कि शहर में चोरों का बोलबाला कुछ ज्यादा ही बढ़ता चला जा रहा है मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास की दुकानों से सीसीटीवी कैमरा भी चेक किया लेकिन उसमें कोई सुराग नहीं मिला पुलिस के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा राकेश गुप्ता के घर से ही पीछा कर रहा था और वह राकेश गुप्ता का गाड़ी से निकलने के फिराक में था जिससे वह अपनी चोरी की वारदात को अंजाम दे सकें पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे कार्रवाई करने के लिए टीम बना दी गई है और आगे कार्रवाई की जा रही है बहुत ही जल्दी चोर को पकड़ लिया जाएगा

धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के बधावा में उमड़े श्रद्धालु

नारायणलाल ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

तेलगाना । श्री आई माताजी मंदिर कोरेमुला हैदराबाद सीरवी समाज जनों ने आज श्री आई माताजी धर्म रथ का भव्य वधावा किया। और आई पंथ धर्मगुरु दीवान माधवसिंह का भव्य वधावा किया गया । जिसमें सीरवी समाज की गैर नृत्य, बैंड बाजों के साथ स्वागत सत्कार किया गया। सभी बोली दाता लाभार्थी परिवार का साफा पहनाकर सम्मान किया। सभी हैदराबाद के बड़ेरो से पधारे सचिव अध्यक्ष व आदि सभी समितियों का स्वागत माला एवं साफा द्वारा सीरवी समाज के अध्यक्ष कालुराम काग व सचिव डायाराम लछेटा व समस्त कार्यकारिणी ने सभी का सम्मान किया और धर्म लाभ लिया । मच का सफल संचालन कालुराम काग ने किया। धर्मगुरु दीवान साहब व श्री आई माताजी धर्म रथ का नजराना समस्त बड़ेरो से पधारे अध्यक्ष सचिव ने के समक्ष भेंट किया। और सभी अध्यक्ष सचिव कार्यकारिणी बाबा मंडली के साथ पातीया भोजन प्रसाद ग्रहण किया।महोत्सव में सीरवी समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

श्री हैहयवंशी क्षत्रिय कल्चुरी समाज जिलाध्यक्ष श्री रविन्द्र शिवहरे जिला शिवपुरी ने जिला कार्यकारिणी घोषित

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी-खबर शिवपुरी से है जहाँ श्री हैहयवंशी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे द्वारा समाज की कार्यकारिणी की घोषणा की है कल्चुरी जिसमें संरक्षक सर्व श्री भरोसीलाल शिवहरे (भाटी वाले), डाक्टर रामकुमार जी शिवहरे (आजीवन संरक्षक कल्चुरी समाज हंस बिल्डिंग), जी डी शिवहरे जी विवेकानंद कॉलोनी से राजेश शिवहरे जी (बाबा महाराज),

भरोसीलाल जी शिवहरे (पुलिस लाइन), हरचरण लाल जी शिवहरे कलारबाग, लाल जी शिवहरे (दादा) कलारबाग से,किलोईराम जी शिवहरे संजय कालोनी,नक्टू राम जी शिवहरे लाल माटी, प्रेमनारायण जी शिवहरे (मामा) सावरकर कालोनी,पदम जी चौकसे (काका) पु शिवपुरी, डाक्टर लक्ष्मण जी शिवहरे (भूसा वाले) पन्नालाल जी शिवहरे (भगत जी) संजय कालोनी से, श्याम लाल जी शिवहरे कलारबाग से, घनश्याम जी चौकसे पु शिवपुरी से, शंकरलाल जी शिवहरे बछौरा से, मोहनलाल जी शिवहरे (स्वप्नाक), हाउसिंग बोर्ड से, लक्ष्मण जी शिवहरे छोटा लुहारपुरा से, लालाराम जी शिवहरे पु शिवपुरी से, श्रवणलाल जी शिवहरे लालमाटी से, लक्ष्मण लाल जी शिवहरे विवेकानंद कॉलोनी से, शालिग्राम जी (भाटी वाले) पु शिवपुरी से, डाक्टर सदाराम जी शिवहरे पुलिस लाइन से, मदनलाल जी शिवहरे शास्त्री कालोनी, डाक्टर महेंद्र महाजन (हरिओम) , नारायण लाल जी शिवहरे कोलारस से, शिवनारायण जी शिवहरे कोलारस से, एवं श्री जगदीश प्रसाद जी राय को करैरा से संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। उपाध्यक्ष पद सर्व श्री सीताराम जी शिवहरे पुलिस लाइन से,किशन जी शिवहरे कलारबाग से, राजेंद्र जी शिवहरे (शिवहरे पैलेस) न्यू ब्लॉक से, रविन्द्र जी शिवहरे (हंस बिल्डिंग) न्यू ब्लॉक से, कैलाश जी शिवहरे (भूसा वाले) सर्किट हाउस रोड से, मदनलाल जी शिवहरे ग्राम अतवेई से, कमल किशोर जी शिवहरे (मटरू भैया) मगरौनी से, कमलेश जी शिवहरे शक्ति पुरम खुड्डा से, जगदीश जी शिवहरे (मास्टर जी) पुलिस लाइन से एवं श्री श्याम लाल जी शिवहरे बल्हेरा वालों को कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद से सुशोभित किया गया है।

गोहद महोत्सव एवं मीना बाजार का औपचारिक शुभारंभ

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद नगर में लॉकडाउन से बाद पहली बार बैसली डैम के पास केशव पार्क में गोहद महोत्सव प्रदर्शनी एवं मीना बाजार का मेला का औपचारिक शुभारंभ हुआ जिसमें थाना प्रभारी गोपाल सिंह सिकरवार के मुख्य आतिथ्य में सभी पार्षद एवं पत्रकारों ने पहुंचकर मेले का अवलोकन किया मेले में लगे हुए झूलों का आनंद लिया नगर में यह पहली बार बड़ा मेला लगाया गया है जिनमें कई तरह के झूले मिककी माउस,गैंडा हाथी, वाटर पार्क, मीना बाजार एवं अन्य कई तरीके की दुकानें लगाई गई है जिनमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और मेले का भरपूर आनंद ले रहे हैं बच्चे महिलाएं आइसक्रीम आदि की दुकानों पर भीड़ के रूप में देखे जा रहे हैं।

1 साल से फरार स्थाई वारंटी को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार

गौरीशंकर कुशवहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पन्ना । श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना श्री धर्मराज मीना के निर्देशन में पन्ना जिले में स्थाई वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार दिनांक 01.03.2022 को एसडीओपी महोदय पन्ना श्री बहादुर सिह बारीबा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में माननीय न्यायालय रूपेश कुमार साहू जेएमएफसी महोदय नागौद के प्र. क्र 20/2017 धारा 125 भरण पोषण अधि. मे प्राप्त स्थाई वारंट को सायबर सेल पन्ना के सहयोग से पुलिस टीम देवेन्द्रनगर द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय नागौद के समक्ष पेश किया गया है। सराहनीय योगदान थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, प्र. आर. अनिल बागरी, शैलेन्द्र बहादुर सिह, राकेश आर आदित्य कुशवाहा, सत्यबीर सिह, मेहरवान सिह, रामनिरंजन कुशवाहा, दिलीप शर्मा , आ दीपक मिश्रा चालक आर धर्मेन्द्र द्विवेदी एवं सायबर सेल पन्ना का विशेष योगदान रहा है।

शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्यवाही चोरी के प्रकरण का पर्दाफास कर

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

दिनांक 06.12.2021 को थाना बामौरकलां पर फरियादिया ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 02.12.2021 को मैं मेरा छोटा लड़के के पास घर का ताला लगाकर अशोक नगर चली गयी थी। दिनांक 06.12.2021 को मेरे पड़ोसी ने फोन कर मुझे बताया कि मेरे घर के गेट खुले पड़े हैं, सूचना पर से मैं अपने लड़के के साथ घर पर आई तो देखा की गेट खुले पड़े हैं एवं चौखट टूटी पड़ी है, अंदर जाकर देखा तो पता चला की ताले भी टूटे पड़े हैं एवं सारा सामान बिखरा पड़ा है । मैंने मेरा सारा सामान देखा तो पता चला कि कोई चोर अंदर घुस कर मेरे सोने चांदी के गहने, नगदी 10 हजार रुपये एवं अन्य सामान कुल करीब 1 लाख 90 हजार रुपये का कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया है । फरियादिया कि रिपोर्ट पर से थाना बामौरकलां पर अपराध क्रं. 218/2021 धारा 457,380 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया। अपराध को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल ने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये । जिस पर कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी बामौरकलां उनि. पुनीत बाजपेयी ने अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री दीपक तोमर के मार्गदर्शन मे चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है । अपराध कायम करने के वाद दौराने विवेचना आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु भरसक प्रयास किये गये एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । दिनांक 01.02.2022 की रात्री में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की कृषि उपज मंडी बामौरकलां मे कुछ संदिग्ध व्यक्ति देखे हैं, सूचना की तस्दीक हेतु मय हमराह बल के कृषि उपज मंडी पहुंचा तो देखा की पुलिस की गाड़ी को आता देख एक मोटर सायकल पर तीन लोग सवार होकर भागने का प्रयास कर रहे हैं जिन्हें हमराह फोर्स की मदद से पकड़ा तो पीछे बैठे व्यक्ति के पास एक लोहे का सब्बल पाया गया जिससे उन पर और संदेह हुआ। तीनों से पूछताछ की गई तो कोई संतोष जनक जवाव नही मिला जिन्हें लेकर थाना आये एवं हिकमत अमली से पूछताछ करने पर तीनों ने बामौरकलां, रेडी चौराहा, हीरापुर, पिछोर, पृथ्वीपुर, जेरोन एवं मोहनगढ़ मे चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने चोरी का माल अपस मे बराबर बराबर बांटना एवं सोने का कुछ सामान अपने मित्र के सहयोग से पृथ्वीपुर मे एक सुनार को बेचना बताया। तीनों ही आरोपी ललितपुर का निवासी होना बताया, एक आरोपी जो भितरवार मे किराये के मकान मे रहता था की निसादेही पर उसके किराये के कमरे भितरवार से सोने चांदी के जेवर एवं दो अन्य आरोपियों से सोने चांदी के जेवर व एक मोटर सायकल कुल कीमती करीब 1 लाख 35 हजार के जप्त किये गये हैं। तीनों आरोपियों मे से एक आरोपी पर उत्तर प्रदेश मे नकबजनी, डकैती, हत्या के प्रयास के कुल 19 अपराध पंजीबद्ध पाये गये हैं एवं अन्य एक आरोपी पर नकबजनी, डकैती, हत्या के प्रयास के कुल 15 अपराध पंजीबद्ध पाये गये हैं। आरोपियों से अन्य अपराधों में भी पूछताछ की जा रही है उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बामौरकलां उनि. पुनीत वाजपेयी, सायबर सैल प्रभारी मुकेश दुबोलिया, सउनि रंगलाल मेर, प्रआर. जितेन्द्र रायपुरिया, कावा. प्रआर रघुवीर सिंह पाल, कावा. प्रआर गजेन्द्र, देवेन्द्र, विकाश, आर. सुनील योगी, शंकर भावर, धर्मपाल, राधेश्याम जादौन, संजीव शर्मा, रामनाथ रावत, जलज, देवेन्द्र परिहार, म.आर. अपर्णा द्विवेदी, आर.चा. मोहित शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

अफवाहो पर ध्यान न दे मुरैना पुलिस द्वारा बैरीफाई कर लिया गया है कही भी किसी डकैत गैंग का मूवेन्ट नही है

...आशुतोंष बाजरी

केशब पंडित जी अम्बाह...

मुरैना जिले में लगातार आसामाजिक तत्वो द्वारा डकैत गैंगो की अफवाहे फैलाई जारही है वो बिल्कुल असत्य है जितनी भी घटना हुई है उन्है पुलिस द्वारा बैरीफाई किया गया है बिल्कुल असत्य पाई गई है ऐसा कही भी कुछ भी नही है बाबरी पुरा गॉव की भी घटना संदिग्ध है पुलिस द्वारा वेरीफाई करने पर किसी भी डकैत गैंग का कोई मूवेन्ट नही पाया गया है अगर जो भी ब्यक्ति अफवाह फैलाकर के डर और भय का माहौल पैदा करैगा उसके प्रति दण्डात्मिक कारबाही की जाबेगी अगर कोई ब्यक्ति डर और भय का माहौल पैदा करता है तो आप 7049101040 पर सूचित भी कर सकते है आपका नाम गोपनीय रखा जाबैगा...बिना सोचे समझे अफवाहों को हवा देना भी अपराध की श्रेणी में आता है गलत अफवाह न फेलाएं न फेलाने दें .. यह मानवता के हित में नहीं है अम्बाह के हिगाबली गॉव में भी देश की सेवा करने वाला सैनिक किन्ही कारणों से मानसिक रूप से विक्षिप्त था उसे पकड कर पिटाई लगाकर थाने भेज दिया बहुत ही निन्दनीय है किंतु हमारा दिमाग तो ठिकाने पर होना चाहिए था ।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जल्द ही निर्णय लेंगे- गोविंद सिंह राजपूत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तिवारी के अह्वान पर जिलाध्यक्ष भिंड गगन शर्मा के नेत्रत्व में पुरानी पेंशन बहाली के लिये आज विधानसभा बजट सत्र में प्रस्ताव पारित करवाने हेतु गोविंद सिंह राजपूत मंत्री मध्यप्रदेश शासन, ओपीएस भदौरिया मंत्री मध्यप्रदेश शासन, संजीव सिंह कुशवाह विधायक भिंड एवं मेवा लाल जाटव विधायक गोहद को ज्ञापन देकर अनुरोध किया कि इसी बजट सत्र में पेंशन बहाल करते हुए एनपीएस शासकीय कर्मचारियों के घरों रंग गुलाल की होली प्रदान करें।। मंत्री एवम विधायको को अवगत कराया गया है कि न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश भारत के तत्वावधान में मध्य प्रदेश के सभी जिलो में अनवरत संघर्ष जारी है, इसके पहले ज़िले से कई बार मुख्यमंत्री को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम जिला अध्यक्ष को ज्ञापन, तथा निरन्तर होने वाली सभी विधानसभा सत्रों के पूर्व माननीय विधायकों के घर घर जाकर ज्ञापन सौपे जा रहे है, कि हमारे बुढ़ापे की सुरक्षा हमे प्रदान करें, माननीय मंत्री जी एवं विधायक जी से अनुरोध किया कि इसी बजट सत्र में पेंशन बहाली आदेश जारी करवाने की कृपा करें। इस अवसर पर नीलेश शर्मा जी ने कहा की एन.पी.एस.व्यवस्था से पीडित कर्मचारी सेवानिवृत्त होने पर 500 से 1000 रू पा रहे हैं इससे राशि से उनके घर का खर्च भी नहीं चल पा रहा है जो शासकीय कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय है कर्मचारी सरकार का सेवक है और पेंशन उनको प्राइवेट कंपनी दे जो न्याय संगत नहीं है अत माननीय विधायक महोदय संकल्प के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के सामने रखते हुये पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करवाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला महिला आईटी प्रमुख अंजू शर्मा प्रदेश आईटी सह प्रभारी मुनेंद्र सिंह भदोरिया जिला मीडिया प्रभारी अमित शर्मा भारद्वाज जिला सह सचिव मयंक खडेलवाल जिला एपीसी सत्यभान सिंह भदोरिया अशोक सिंह चौहान विनीत राजोरिया क्षमा मिश्रा गोपाल सोनी रामसेवक प्रजापति लक्ष्मी नारायण मिश्रा गीता प्रजापति नरेंद्र सिंह तोमर सहित सैकड़ों ठुश्रद्ध कर्मचारी मौजूद रहे।।

सांसद ने व्यू प्वाइंट का किया लोकार्पण

पत्रा जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा

सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को शहर के पहाड़कोठी स्थित नवनिर्मित व्यू प्वाइंट का लोकार्पण किया और यहां से शहर के नजारे को देखा। व्यू प्वाइंट का निर्माण 8 लाख 27 हजार रू. की लागत राशि से किया गया है। उन्होंने व्यू प्वाइंट के निकट आनन्दम केन्द्र और जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के कार्यालय भवन का फीता काट कर उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रविराज सिंह यादव, कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्री शर्मा ने निर्माणाधीन परशुराम मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने आम का पौधा लगाया।

दाल बाजार के व्यापारियों ने दिया धरना

ग्वालियर। आशु गुप्ता जैसा व्यवहार कोई और न करे इसके लिए हमें अपनी ताकत दिखाना जरूरी है। हमारी एकता से 11 मार्च का बंद निश्चित ही ऐतिहासिक होगा।

दाल बाजार व्यापार समिति के सचिव-राजेश बांदिल 'मनीषक्र ने कहा कि व्यापारी टैक्स चुकाता है, पर जब संकट आता है तो सुनवाई नहीं होती है। इसलिए ही आज हमें अपने पैसे की वसूली के लिए आंदोलन की राह पकड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

धरने का संचालन कर रहे ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के सचिव-निर्मल जैन ने कहा कि व्यापारियों के साथ अन्याय हुआ है और अन्याय के खिलाफ हमेशा ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ ने आवाज उठाई है। ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ चलेगा।

व्यवसायी-दिलीप पंजवानी ने कहा कि इस ठगी कांड में कई व्यवसायी डर के कारण सामने नहीं आ रहे हैं, वह घबरा रहे हैं क्योंकि पुलिस की कार्यवाही में सख्ती दिखाई नहीं दे रही है। हमारी मांग है कि पुलिस इस कांड में सख्त कार्यवाही करे।

व्यवसायी-दीपक अग्रवाल ने कहा कि इस घटनाक्रम से विश्ड़वास टूटा है और व्यापार विश्ड़वास से ही चलता है। यदि हम सब इस आंदोलन में एक साथ होंगे तो कोई आशु गुप्ता पैदा नहीं होगा। हमारा यह आंदोलन सफलता मिलने तक जारी रहेगा।

धरने में ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष-संजय कट्टल, ग्वालियर टिम्बर मर्चेन्ट प्लायवुड एसोसिएशन के सचिव-आशीष जैन सहित सर्वश्री विनोद बिजपुरिया, अंकुर अग्रवाल, नरेन्द्र छिरोल्या, नरेन्द्र कुमार मंगल, विनोद गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता, हर्ष साहनी, संजय साहनी, महेन्द्र कुमार मंगल, सुरेश गुप्ता, दीपक बंसल, बंटी गोयल, योगेश गोयल, कन्हैया मित्तल, धीरेन्द्र

गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सिंघल जी, सुरेश बनवानी, विवेक जैन, कुशाग्र साहनी, रवि गुप्ता, एस.के. जैन, नरेन्द्र गुप्ता, पवन गर्ग, राजकुमार गुलशानी, जितेन्द्र साहनी, वासुदेव दयानी, मनोज सरावगी, कमल पुरस्वानी, राजेश माखीजा, जयदेव कंजानी, प्रदीप सिंघल, माधव अग्रवाल, सुनील अग्रवाल 'सन्नीक्र आदि सहित काफी संख्या व्यवसायी उपस्थित रहे। हुण्डी ठग-आशु गुप्ता, उसके परिजन एवं संरक्षणदाताओं के खिलाफ एमपीसीसीआई के नेतृत्व में आंदोलन की श्रृंखला में आज लोहिया बाजार में दिया गया धरना। आशु गुप्ता, नत्थूलाल गुप्ता, मोनू गुप्ता चोर है, व्यापारी एकता जिंदाबाद, अभी तो ली अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है, जैसे नारों से गूंजा धरना स्थल।

4 मार्च को नया बाजार में शाम 4 से 5 बजे तक दिया जायेगा धरना, ठगी कांड के खिलाफ 11 मार्च को ग्वालियर का

समस्त व्यापार रहेगा बंद

हुण्डी ठग-आशु गुप्ता, उसके परिजन एवं संरक्षणदाताओं के खिलाफ एमपीसीसीआई के नेतृत्व में आंदोलन की श्रंखला में आज लोहिया बाजार में धरना दिया गया। लोहिया बाजार में आयोजित धरने में एमपीसीसीआई के संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण, विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सदस्यगण काफी संख्या में उपस्थित थे।

एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल द्वारा शहर से बाहर होने के कारण मोबाइल के माध्यम से धरने को संबोधित करते हुए कहा कि हुण्डी ठग आशु गुप्ता, उसके परिजन एवं संरक्षणदाताओं के खिलाफ आज का धरना लोहिया बाजार में आयोजित किया गया है, इसके लिए मैं सभी व्यापारियों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। चेम्बर ऑफ कॉमर्स का यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती और व्यापारियों की रकम की वसूली नहीं हो जाती है।

संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल ने कहा कि व्यापार विश्ड़वास पर चलता है। व्यापार में उतार-चढाव आते रहते हैं पर विश्ड़वासघात नहीं करना चाहिए जैसा कि आशु गुप्ता ने किया है। हुण्डी ठगी कांड के विरूद्ध चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने जो बीड़ा उठाया है, उसमें सफलता मिलने तक इसे जारी रखा जायेगा।

उपाध्यक्ष-पारस जैन ने कहा कि हुण्डी का लेन-देन विश्ड़वास पर ही चलता है, कई व्यापारी इसके द्वारा अपना व्यापार एवं आजीविका चलाते हैं। आशु गुप्ता एवं उसके साथियों द्वारा हुण्डी कारोबार में ठगी करके कई लोगों की आजीविका एवं व्यापार पर कुठाराघात किया गया है। इस कांड में लिप्त सभी आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही हो, व व्यापारियों को उनका पैसा वापिस मिले, यही हमारे आंदोलन का मकसद है।

संघर्ष समिति के संयोजक एवं मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि व्यापार समिति द्वारा दिये गये धरने में चेम्बर ऑफ कॉमर्स से इस आंदोलन का नेतृत्व करने की बात कही गई थी। इस पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स में बैठक कर, 11 मार्च को ग्वालियर बंद का आव्हान किया गया और बंद के समर्थन में बाजारों में धरना देकर समर्थन जुटाने का निर्णय लिया गया था ताकि शासन-प्रशासन तक यह संदेश जा सके कि यदि किसी अपराधी के खिलाफ कार्यवाही करने में कोताही बरती तो चेम्बर ऑफ कॉमर्स आपके सामने खड़ा होगा और इसका विरोध करेगा। आपने कहा कि सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी होना चाहिए और यदि प्रशासन आरोपियों को पकड़ नहीं पा रहा है, तो उन पर इनाम घोषित किया जाना चाहिए फिर जनता स्वयं उन्हें ढूंढकर पुलिस को सौंप देगी। आपने कहा कि लोहिया बाजार में आयोजित इस धरने में व्यापारियों ने जो एकता दिखाई है, उसके लिए सभी का आभार है। धरने की श्रृंखला में आगामी धरना 4 मार्च को नया बाजार में शाम 4 से 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

कलेक्टर सिंह यूक्रेन में पढ़ने गए ग्वालियर के विद्यार्थियों के परिजनों मिलने उनके घर पहुंचे

ग्वालियर। कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह यूक्रेन में पढने गए ग्वालियर के विद्यार्थियों के परिजनों से मिलने उनके घर पहुँचे। उन्होंने बुधवार की शाम हजीरा और दीनदयाल नगर पहुँचकर परिजनों को आश्वस्त किया कि उनके बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस दौरान एडीएम श्री इच्छित ग?पाले उनके साथ थे।

कलेक्टर श्री सिंह सबसे पहले हजीरा पर रहने वाले श्री संजीव गुप्ता के निवास पर पहुंचे। उन्होंने श्री गुप्ता के पुत्र रोहन गुप्ता के हंगरी के बुडापेस्ट तक पहुंचने की जानकारी दी। रोहन फर्स्ट ईयर के छात्र हैं।

वहीं दीनदयाल नगर में रहने वाले श्री इतवारी लाल सोलंकी से मिलकर उनके पुत्र पवन सोलंकी के सुरक्षित पोलैंड आने की जानकारी दी। पवन फाइनल ईयर के छात्र हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने परिजनों को बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लगातर दिल्ली में विदेश मंत्रलाय से संपर्क बनाये हुए हैं। उन्होंने यूक्रेन में प? रहे ग्वालियर के सभी छात्रों की पूरी तरह से सुरक्षित वतन वापसी का भरोसा दिलाया है।

संक्षिप्त समाचार

निगमायुक्त ने किया नई जेसीबी का पूजन, कहा अब और तेजी से होगा स्वच्छता का कार्य

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा रुपए की लागत से क्रय की गई दो नई जेसीबी का नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने पूजन कर अवलोकन किया तथा दोनों जेसीबी निगम की कार्यशाला के सुपुर्द की। निगमायुक्त श्री कन्याल ने इस अवसर पर कहा कि निगम द्वारा किए जा रहे स्वच्छता के कार्य में अब और तेजी आएगी। नगर निगम की कार्यशाला में नवीन जेसीबी के पूजन कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि अभी कहीं भी जेसीबी की जरुरत होती है तो एक दूसरे क्षेत्रों में निर्धारित समय के लिए जेसीबी प्रदान की जाती है, अब नई दो जेसीबी आने से कार्यशाला की क्षमता और बढेगी तथा स्वचछता का कार्य तेजी से होगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिह गुर्जर, कार्यशाला प्रभारी श्री शैलेन्द्र सक्सैना, क्षेत्राधिकारी सुश्री तनुजा वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्पेशल हैंडलूम एक्स-पो चंडीगढ़ में 10 मार्च से

मध्यप्रदेश के रेशम शिल्पी अपनी कलात्मक उत्पादों का करेंगे प्रदर्शन

ग्वालियर। आजादी की 75वीं वर्ष गांठ पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के उपलक्ष में चंडीगढ़ स्पेशल हैंडलूम एक्स-पो में मध्यप्रदेश के रेशम बुनकर अपनी कला और कौशल से निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। एक्स-पो में उपलब्ध सामग्री सैलानियों के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध रहेंगी। एक्स-पो 10 मार्च से 30 मार्च 2022 तक होगा। आयुक्त रेशम श्री विशेष गढ़पाले ने बताया कि मध्यप्रदेश सिल्क फेडरेशन तथा भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त हथकरघा नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप एक्स-पो का आयोजन किया जाएगा।

कैट की थाना स्तरीय व्यापारिक समितियों की बैठक संपन्न

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा थाना स्तरीय व्यापारिक समितियों की बैठक होटल सेन्ट्रल पार्क में कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला संयोजक दीपक पमनानी ने बताया कि विभिन्न थानों के जो संयोजकगण हैं, वे अपने-अपने क्षेत्र के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सूची बनायें एवं थाना स्तर पर जो प्रतिष्ठित व्यापारी हैं उनकी सूची बनायें। समिति में उन थानों के अंतर्गत आने वाले व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधियों को सम्मिलित किया जायेगा एवं थाने से संबंधित जो प्रतिष्ठित व्यवसाई हैं उनके साथ प्रतिमाह बैठक की जायेगी।

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर ग्वालियर शहर के विभिन्न थानों में कैट प्रतिनिधियों के संयोजकत्व में समिति का गठन किया गया है जो कि पुलिस के साथ मिलकर सीसीटीवी कैमरे, नौकरों का वैरिफिकेशन, व्यापारियों का आईडेन्टिनिटी कार्ड, अतिक्रमण, पार्किंग जैसे विषयों पर कार्य करेगी और इसकी बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, नगर निरीक्षक के साथ होगी। तत्पश्चात प्रतिमाह पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निकले सर्कुलर के आधार पर उस थाना क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारियों के साथ बैठक की जायेगी।

इस बैठक में दिलीप पंजवानी, विकास हरलालका, कविता जैन, मनोज चौरसिया, मुकेश जैन, मयूर गर्ग, जय संचेती, उदित चतुर्वेदी, बाबूलाल जैन, रामजी राजपूत, अजय मंगल, राहुल अग्रवाल, नीरज चौरसिया सहित विभिन्न थानों के संयोजक एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कैट के जिला संयोजक दीपक पमनानी ने कहा कि शीघ्र ही समिति के सदस्यों की बैठक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की जायेगी, ताकि इसके कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके।

ह्लह्लड्ड्ढद्दद्गठ्ठह्ल ड्ढठ्ठद्ब

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दाता बंदी छोड गुरूद्वारे पर किया पेवर ब्लॉक लगाये जाने का भूमिपूजन

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किला स्थित दाता बंदी छोड़ गुरूद्वारे पर 10 लाख रूपये की लागत से गुरूद्वारे से पुलिस चौकी तक पेवर ब्लॉक लगाये जाने का भूमि पूजन सिख समाज के गुरूओं के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिख समाज हमेशा दूसरों की मदद के लिये तैयार रहता है। साथ ही कहा कि मैं हमेशा आपके साथ हूँ जहां जिस काम के लिये मेरी आवशयकता हैं आप बेझिझक मुझे बतायें। इस अवसर पर दाता बंदी छोड गुरूद्वारे के बाबा श्री लक्खा सिंह, पूर्व पर्षद श्री चंदू सेन, श्री गुरूदयाल सहित सिख समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

जलकर जमा नहीं करने पर पशु पालकों की भैंसे की जप्त, काटे नल कनेक्शन

ग्वालियर दिनांक 02 मार्च 2022- जल प्रदाय उपखण्ड मुरार के अंतर्गत पेयजल की बकाया राषि नहीं देने पर पशुपालकों की भैसों को जप्त किया गया एवं निगम द्वारा रूपये 7,47,876/- की नगद वसूली की गयी। आज दिनांक 02.03.2022 को वार्ड क्रमांक-60 के शक्ति विहार में जलकर बिल का भुगतान न करने के कारण तीन भैसों को जब्त किया गया।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश एवं अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता के निर्देशन में चलाए गए जलकर वसूली अभियान के दौरान बकाया जलकर जमा न करने पर 3 पशुपालकों श्री दीनानाथ पाल जलकर बकाया राषि 67,355/-, श्री अजमेर पाल जलकर बकाया राषि 77,800/-, श्री राजेन्द्र पाल जलकर बकाया राषि 82,896/-

2,73,655/- जमा की गयी । पूर्ण राशि जमा करने पर दो भैसों को छोड दिया गया एवं एक चार पहिया टबेरा वाहन एम.पी.07बी.ए. 2783 की जप्ती की गयी थी जिसे भुगतान करने पर छोड दिया गया। इस प्रकार एक अन्य पशुपालक श्री राजेन्द्र पाल के द्वारा 82,896/- की राषि जमा न करने पर भैस को कुर्क कर लाल टिपारा गौ शाला भेजा गया। इसके पूर्व वार्ड-60 में स्थित उक्त पांच पशुपालक श्री दीनानाथ पाल, श्री अजमेर पाल,श्री रामनिवास सेंथिया श्री जितेन्द्र बघेल श्री रामगोपाल एवं श्री राजेन्द्र पाल के नल जल कनेक्षन विच्छेद किये गये उक्त की भैंसे जप्त कीं गई। इसके पश्चात उपरोक्त जब्त भैसों में से दो पशुपालक क्रमषः श्री दीनानाथ पाल, श्री अजमेर पाल के द्वारा 67355/- एवं 77,800 अन्य श्री रामनिवास सेंथिया रूपये 12,500/- श्री जितेन्द्र बघेल 78,000/- श्री रामगोपाल 38,000/- कुल राषि सभी घरों में एक से अधिक कनेक्षन पाये गये है एवं सभी घरों के सामने 8 से 10 फुट लंबे रेम्प बना रखे थे जिसे जे.से.बी. के माध्यम से तोडकर हटाया गया। उ क्त कार्यवाही के समय श्री मुकुल गुप्ता अपर आयुक्त एवं श्री ए.पी.एस. भदौरिया उपायुक्त को मौहल्ला निवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि कालोनी में डेयरी होने से आये दिन सीवर लाईन चौक होती है एवं गोबर को नाले में डाले जाने से नाला निगम को बार-बार साफ कराना होता है। डेयरी से गंदगी के कारण मौहल्ला वासी मलेरिया जैसी बीमारी का षिकार हो रहें है। मौहल्लावासियों के द्वारा डेयरी संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की । कार्यवाही के समय श्री मुकुल गुप्ता अपर आयुक्त, श्री ए.पी.एस. भदौरिया उपायुक्त श्री शैलेन्द्र चौहान मदाखलत अधिकारी क्षेत्राधिकारी सुश्री सुरूचि बंसल जलप्रदाय उपयंत्री श्री सुशील साहू, मदाखलत इम्पेक्टर श्री सुघर सिंह तथा मदाखलत का पूरा अमला एवं टी.सी. क्रमषः श्री राघवेन्द्र भदौरिया,श्री शैलेन्द्र कौरव उपस्थित रहे। उक्त कार्यवाही किये जाने से मौहल्लावासियों द्वारा निगम को धन्यवाद दिया गया। इसके साथ ही जलप्रदाय उपखण्ड मुरार के द्वारा नगर पालिक निगम अधिनियम 175 के अंतर्गत जलकर बकाया राशि भुगतान न करने के संबंध में कुर्की बारंट जारी किये गये है।

सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को किया जाएगा पुरस्कृत : संभाग आयुक्त श्री सक्सेना

संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

ग्वालियर। सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी की जायेगी। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही है। संयुक्त राजस्व भवन के सभागार में आयोजित बैठक में सभी विभागों के संभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि ग्वालियर-चंबल संभाग में सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि प्रत्येक माह की 22 तारीख को श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। जिला स्तर के तीन पुरस्कार एवं संभाग स्तर के तीन पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में यह भी निर्देश दिए हैं कि सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण एल-1 स्तर पर ही किया जाए। एल-3 स्तर के अधिकारी इसकी निरंतर मॉनीटरिंग करें और एल-1 पर ही प्रकरणों का निराकरण हो, यह भी सुनिश्चित करें। सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी संभागीय अधिकारी करें। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने सभी संभागीय अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने ऑफिस में ई-ऑफिस की व्यवस्था प्रारंभ करें। संभागीय अधिकारी स्वयं एवं एक अपने अधीनस्थ को ई-ऑफिस से जोड़ें। आवश्यकता हो तो प्रशिक्षण भी प्राप्त करें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478